श्रावण कृष्ण पक्ष पंचमी संवत् 2082 | dopaharmetro | epaper.dopaharmetro.com | dopaharmetro | वर्ष-09, अंक - 12 पेज 8, मूल्य 2 रुपए

डाक पंजीयन क्रमांक: म.प्र./4-474/2024-26

भोपाल

15 जुलाई 2025 मंगलवार

बेबाक खबर हर दोपहर

# दोपहर मेट्रो




आज का मौसम

25 अधिकतम

18 न्यूनतम

## मप्र में सरकारी कर्मचारियों की पदोन्नति में आरक्षण मामले पर आज का दिन अहम

# इंतजार: पदोन्नति का नया रास्ता निकलने की उम्मीद शासन के हाईकोर्ट में जवाब पर निगाहें





**भोपाल/ जबलपुर, दोपहर मेट्रो, एजेंसी**

मध्यप्रदेश के कर्मचारी जगत और सरकार के लिए अहम दिन अब आगे खिसक गया है। राज्य में पदोन्नति अब मप्र लोक सेवा पदोन्नति नियम 2025 के मुताबिक होंगी या नहीं, यह हाईकोर्ट में सुनवाई से साफ हो सकता है। मगर आज की सुनवाई टल रही है और संभवतः यह अगले दिनों में होगी। इसमें सरकार कोर्ट को बताएगी कि 2025 के नियम में आरक्षण स्थायी नहीं है। पदोन्नति सशर्त यानी सुप्रीम कोर्ट में प्रचलित याचिका पर अंतिम निर्णय के अधीन रहेगी। उधर, सामान्य, पिछड़ा एवं अल्पसंख्यक वर्ग अधिकारी-कर्मचारी संस्था सपाक्स का तर्क है कि जब सरकार ने नए नियम बनाए, तो सुप्रीम कोर्ट में दायर याचिका वापस क्यों नहीं ली गई। जो अधिकारी-कर्मचारी हाईकोर्ट द्वारा निरस्त नियम से पदोन्नत हुए उन्हें पदावनत किए बिना पदोन्नति कैसे दी जा रही है, यह तो सुप्रीम कोर्ट की अवमानना है।

उल्लेखनीय है कि राज्य में पदोन्नति पर रोक 2016 में हाईकोर्ट जबलपुर के मध्य प्रदेश लोक सेवा पदोन्नति नियम 2002 को निरस्त करने के समय से लगी हुई थी। इस बीच एक लाख से अधिक अधिकारी-कर्मचारी बिना पदोन्नत हुए सेवानिवृत्त हो गए। कर्मचारी लंबे समय से लगातार यह मांग उठाते रहे है कि सरकार कोई रास्ता निकाले। मोहन यादव सरकार ने सभी प्रभावित पक्षों से संवाद करके नए नियम हाल में बनाए, लेकिन सामान्य वर्ग के कर्मचारियों ने इस आधार पर विरोध शुरू कर दिया है कि इसमें वही सब प्रावधान किए गए हैं, जो पुराने नियम में थे। पिछली बार कोर्ट ने सुनवाई के बाद नए नियम के क्रियान्वयन पर रोक लगाते हुए पुराने और नए नियम में अंतर का चार्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए थे। बताया जाता है कि सामान्य प्रशासन विभाग ने इन्हें तैयार करके महाधिवक्ता कार्यालय को उपलब्ध कराया है, जिसके आधार पर आज न्यायालय के समक्ष सरकार का पक्ष प्रस्तुत किया जाएगा। उधर, सपाक्स के संस्थापक अध्यक्ष केपीएस तोमर का कहना है कि जब सरकार ने नए नियम बना लिए तो पुराने नियम को निरस्त किए जाने के निर्णय को चुनौती देने वाली याचिका सुप्रीम कोर्ट से वापस क्यों नहीं ली गई। उनका कहना है कि यदि सशर्त पदोन्नति ही देनी थी तो फिर नौ वर्ष तक कर्मचारियों को मानसिक प्रताड़ना क्यों दी गई। 2002 के नियम से जो पदोन्नतियां हुईं, उन्हें पदावनत क्यों नहीं किया जा रहा है। उधर अजाक्स के इस मामले में अपने तर्क हैं। जबकि सरकार ने नये नियमों के आधार पर 31 जुलाई के पहले पदोन्नति प्रक्रिया की अपेक्षा व हिदायत विभागों को दी थी और यह प्रक्रिया शुरू भी हो गई थी, हालांकि विभागीय तौर पर यह प्रक्रिया चलती भी रही लेकिन संशय बना हुआ है। अब कर्मचारियों के दोनों-पक्षों को उम्मीदें हैं।

## टेक्सटाइल का दुबई मॉडल मप्र में, आज स्पेन पहुंचेंगे यादव



मुख्यमंत्री मोहन यादव ने अपने दुबई प्रवास के तीसरे दिन आज विभिन्न कार्यक्रमों में सक्रिय हैं। सरकार को उम्मीद है कि दुबई के उद्योगपतियों की मध्यप्रदेश में पर्यटन,टेक्सटाइल और एमएसएमई सहित अन्य सेक्टर्स में निवेश की राह अब खुलेगी। यादव ने निवेशकों से कहा कि उद्यमी धन को उद्यम में लगाकर अपने व्यवसाय को बढायें तो यह कई गुना बढ़ जाता है। व्यापार की यही समझ दुबई के उन उद्योगपतियों में है जो भारतीय हैं और इस देश के विकास में विशेष सहयोगी हैं। यादव ने कहा कि टेक्समास टेक्सटाइल क्षेत्र देखकर सुखद अनुभव हुआ है, यहां योजना पक्ष की श्रेष्ठता देखने को मिली है। यह मॉडल मध्यप्रदेश में भी लागू करने का प्रयास रहेगा। यादव आज दुबई से स्पेन की राजधानी मेड्रिड के लिये रवाना होंगे। इससे पहले वे दुबई की अग्रणी लॉजिस्टिक्स कंपनी के प्रतिनिधियों से मुलाकात कर रहे हैं। वे भारत मार्ट का भी दौरा करेंगे। स्पेन में वे निवेश संबंधी मुलाकात व बैठकें करेंगे।

## फ्यूल स्विच: अहमदाबाद हादसे के 4 हफ्ते पहले ब्रिटेन ने चेतावनी दी थी !

**नई दिल्ली।** बोइंग विमानों के रखरखाव को लेकर ब्रिटेन की सिविल एविएशन अथॉरिटी ने आज नया खुलासा किया। उसने बताया है कि अहमदाबाद प्लेन क्रैश के चार हफ्ते पहले बोइंग विमानों के फ्यूल कंट्रोल स्विच को लेकर को लेकर अलर्ट जारी किया था। सीएए ने15 मई को एयरलाइनों को निर्देश दिए थे कि वे अमेरिका की फेडरल एविएशन एडमिनिस्ट्रेशन ( के निर्देशों का पालन करें। निर्देश में बोइंग 737, 757, 767, 777 और 787 विमानों में फ्यूल शटऑफ वॉल्व एक्ट्यूएटर्स को संभावित खतरा बताया था। सीएए ने ब्रिटेन आने वाली सभी एयरलाइनों को आदेश भी दिया था कि वे इन वॉल्व्स की जांच करें, जरूरत हो तो बदलें या रिपेयर करें और रोजाना जांच को अनिवार्य रूप से करें। वहीं, प्राइमरी रिपोर्ट में सामने आया है कि प्लेन के फ्यूल स्विच बंद होने की वजह से अहमदाबाद हादसा हुआ था।

## बिस्किट के डिब्बे से 62 करोड़ की कोकीन बरामद

**मुंबई ।** राजस्व खुफिया निदेशालय ने मुंबई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर एक महिला यात्री को 300 कैप्सूल में 6 किलोग्राम से अधिक कोकीन रखने के आरोप में गिरफ्तार किया है। कैप्सूल की अनुमानित कीमत 62.6 करोड़ रुपये है। यह केप्सूल ओरियो बिस्कुट के छह डिब्बों और चॉकलेट के तीन डिब्बों में भरे थे। भारतीय नागरिक महिला को दोहा से हवाई अड्डे पर उतरने के बाद डीआरआई अधिकारियों ने एक विशेष सूचना के आधार पर रोका था। जहां उसके सामान की जांच करने पर दो डिब्बे मिले। इससे पहले ठाणे में 120 बोतल कोडीन सिरप रखने के आरोप में तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया था।

## रूस को चेतावनी, दूसरी बार ब्रिटेन जाने वाले हैं ट्रंप

**वाशिंगटन एजेंसी।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप सितंबर में ब्रिटेन का राजकीय दौरा करेंगे। ट्रंप का यह दौरा 17 से 19 सितंबर के बीच होगा। गौरतलब है कि ट्रंप की यह ब्रिटेन की दूसरी राजकीय यात्रा होगी और ऐसा करने वाले ट्रंप अमेरिका के पहले राष्ट्रपति हैं। खास बात यह कि किसी भी अमेरिकी राष्ट्रपति को अभी तक ब्रिटेन की दूसरी राजकीय यात्रा के लिए आमंत्रित नहीं किया गया था। वहीं ट्रम्प ने रूस पर यूक्रेन से जंग खत्म करने का दबाव डालने के लिए भारी टैरिफ लगाने की धमकी दी। ट्रम्प ने कहा- मैं ट्रेड को कई चीजों के लिए इस्तेमाल करता हूं, लेकिन यह युद्ध खत्म करने के लिए बहुत अच्छा है।यदि पुतिन ने 50 दिन में यूक्रेन के साथ शांति समझौता नहीं किया, तो उस पर 100 प्रतिशत टैरिफ लगेगा।

## फिलीपींस में लगे भूकंप के तेज झटके

**मनीला।** उत्तरी फिलीपींस में मंगलवार को इलोकोस नॉर्टे प्रांत में भूकंप के तेज झटके महसूस किये गये। रिक्टर पैमाने पर भूकंप की तीव्रता 5.8 मापी गयी। फिलीपींस ज्वालामुखी एवं भूकंप विज्ञान संस्थान ने यह जानकारी दी। संस्थान ने बताया कि स्थानीय समयानुसार पूर्वाह्न 10:38 बजे भूकंप के तेज झटके आये। भूकंप पासुक्विन शहर से लगभग 29 किलोमीटर दूर उत्तर-पश्चिम में 27 किलोमीटर की गहराई पर स्थित था। संस्थान ने कहा कि इस विवर्तनिक भूकंप के बाद के झटके आएंगे, लेकिन इससे कोई खास नुकसान होने की कोई रिपोर्ट नहीं मिली है। भूकंप से पड़ोसी प्रांत कागायन, इलोकोस सुर, इसाबेला और अबरा भी डोल गये। प्रशांत अग्नि वलय, जिसे 'रिंग ऑफ फायर' के किनारे स्थित होने के कारण फ़िलीपींस में अक्सर भूकंप के झटके महसूस किये जाते हैं।

## मणिपुर में नौ उग्रवादियों को किया गिरफ्तार

**इंफाल।** सुरक्षा बलों और मणिपुर पुलिस ने राज्य में समन्वित अभियानों की एक श्रृंखला में विभिन्न प्रतिबंधित



उग्रवादी समूहों से कथित रूप से जुड़े हुए नौ संदिग्ध उग्रवादियों को गिर तार किया है।

पुलिस ने मंगलवार को कहा कि राज्य में सोमवार को समन्वित अभियान बिष्णुपुर, थौबल और इंफाल पश्चिम जिलों में चलाए गए जिसमें हथियार, मोबाइल फोन, पहचान पत्र दस्तावेज और नकदी जब्त किए गए। बिष्णुपुर ज़िले में एक प्रतिबंधित संगठन के एक सक्रिय सदस्य को उसके घर से गिरफ़्तार किया गया। वह एक अन्य प्रतिबंधित समूह का पूर्व सदस्य था और कथित तौर पर अप्रैल 2024 में वर्तमान समूह में शामिल हुआ था। बिष्णुपुर जिले में ही पुलिस ने एक अन्य व्यक्ति को गिर तार किया जिसके घर से तीन जुलाई को हथियार एवं गोला-बारूद बरामद किए गए थे। यह गिर तारी चल रही जांच के अंतर्गत की गई।

थौबल जिले के लेइरोंगथेल पित्रा गांव से एक प्रतिबंधित समूह के एक संदिग्ध कार्यकर्ता को गिर तार किया गया। जानकारी के अनुसार वह जबरन वसूली और भर्ती गतिविधियों में लिप्त था। पुलिस ने इंफाल पश्चिम में जबरन वसूली गतिविधियों से जुड़े दो लोगों को थंगल बाजार से गिर तार किया गया।

## 'उदयपुर फाइल्स' के पक्ष, विपक्ष में दायर याचिकाओं पर सुप्रीम कोर्ट कल करेगा सुनवाई

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने मंगलवार को कहा कि हिंदी फिल्म 'उदयपुर फाइल्स: कन्हैयालाल लाल टेलर मर्डर' के पक्ष और विपक्ष में दायर याचिकाओं पर वह बुधवार को सुनवाई करेगा।



न्यायमूर्ति सूर्य कांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ ने कन्हैया लाल हत्याकांड के आरोपियों में शामिल मोह मद जावेद की याचिका पर शीघ्र सुनवाई की गुहार पर उनके अधिवक्ता मेनका गुरुस्वामी से कहा कि वह पक्ष और विपक्ष में दायर दोनों मामलों पर बुधवार को सुनवाई करेगी। वरिष्ठ अधिवक्ता गुरुस्वामी के 'विशेष उल्लेख' पर पीठ ने जावेद की याचिका को फिल्म के निर्माता द्वारा दायर एक अन्य याचिका (पक्ष में) के साथ कल सूचीबद्ध करने पर सहमति व्यक्त की। उदयपुर के दर्जी कन्हैया लाल हत्याकांड के एक आरोपी मोह मद जावेद ने विवादास्पद फिल्म पर रोक लगाने की मांग करते हुए शीर्ष अदालत में याचिका दायर की है।

दूसरी ओर, फिल्म के निर्माता जानी फ़ायरफ़ॉक्स मीडिया प्राइवेट लिमिटेड ने दिल्ली उच्च न्यायालय के 10 जुलाई के उस आदेश को चुनौती देते हुए शीर्ष अदालत का दरवाजा खटखटाया है, जिसमें फिल्म के प्रदर्शन पर अंतरिम रोक लगा दी गई है।

### 18 इंच बारिश से आधा कोटा फुल

## अभी 4 दिन और तेज बारिश, मप्र के 10 जिलों में हालात खराब

**भोपाल/नई दिल्ली दोपहर मेट्रो।**



मध्यप्रदेश में आज राजधानी में सूरज सुबह से ही बादलों की गिरफ्त से बाहर आने की कोशिशों में है लेकिन 17 जिलों में भारी बरसात का अलर्ट भी है। नर्मदा खतरे के निशान से ऊपर बह रही है। जबलपुर, रीवा समेत 10 जिलों में एक सप्ताह से लगातार बारिश से हालात बिगड़े हुए हैं। श्योपुर के कई इलाके और गांव पानी से घिरे हैं। प्रदेश में 16 जून को मानसून दाखिल हुआ है और तेज बारिश के दौर में अब तक कोटे की आधी यानी औसत 18 इंच बारिश हो चुकी है। निवाड़ी में तो 103त्न तक पानी गिर चुका है। मंडला, टीकमगढ़ में भी बारिश का कोटा 75त्न तक फुल हो गया है। अगले 4 दिन यानी 18 जुलाई तक तेज बारिश का दौर चलेगा।

उधर राजस्थान में भारी बारिश के चलते बाढ़ के हालात हैं। हादसों में 24 घंटे में 12 लोगों की मौत हो गई। कोटा बैराज के 12 गेट खोले गए हैं। उप्र के लखनऊ, कानपुर, बरेली समेत 15 शहरों में तेज बारिश के कारण जलभराव-बाढ़ की स्थिति है। कई बांध ओवरफ्लो हैं। चित्रकूट में उद्घाटन से पहले 2 पुलों की एप्रोच सड़क बह गई। हिमाचल प्रदेश में बीते अब तक 105 लोगों की मौत हो चुकी हैं। 200 से ज्यादा सड़कें अभी भी बंद हैं। मनाली-चंडीगढ़ हाईवे पिछले 3 दिन से रोजाना लैंडस्लाइड के चलते बंद हो रहा है।

**मेट्रो एंकर**

### एक महीने से केरल में ग्राउंडेड जेट ठीक नहीं हो पा रहा

## स्टील्थ फाइटर की कमजोरी उजागर, माथा पीट रहे इंजीनियर

**नई दिल्ली, एजेंसी**



लगभग एक महीने से केरल के तिरुवनंतपुरम अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर ब्रिटिश रॉयल नेवी का एक फाइटर जेट एफ-35बी धीरे-धीरे दम तोड़ने जैसी स्थिति में है। तमाम टेक्नीशियन और अन्य लोग इसे 'सांसे' देने की कोशिश में हैं। ईंधन की कमी की वजह से इमरजेंसी लैंडिंग के बाद यह अत्याधुनिक लड़ाकू विमान इस तरह से खराब हुआ कि इसे दुनिया के बड़े-बड़े एविएशन इंजीनियर ठीक नहीं कर पाए।

इस स्टील्थ फाइटर जेट को दुनिया की सबसे बड़ी डिफेंस कंपनी लॉकहीड मार्टिन ने बनाया है, जो कि अमेरिकी सरकार की भी सबसे बड़ी डिफेंस सप्लायर है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक अब खुलासा हुआ है कि केरल में उतरे इस फाइटर जेट के साथ ही तकनीकी दिक्कत सामने नहीं आ रही है, बल्कि अमेरिका का डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन भी स्न-35 जेट के सॉफ्टवेयर और हार्डवेयर की दिक्कतों से बड़ी मुश्किलें झेल रहा है तथा इसे बनाने वाली कंपनी के अगले आर्डर भी रोक सकता है।

इधर आलम यह है कि केरल में ई एक ब्रिटिश फाइटर जेट एक महीने से अधिक समय से फंसा हुआ है, जिसे ठीक करने में तमाम विशेषज्ञ विफल रहे हैं। अब इसे बनाने वाली कंपनी लॉकहीड मार्टिन की कमी उजागर हुई है। एक रिपोर्ट के अनुसार लॉकहीड मार्टिन ने इस साल 1 मई तक अमेरिकी सरकार को 72 फाइटर जेट दिए हैं। इस डिलिवरी में काफी देर हुई है, क्योंकि इसके सॉफ्टवेयर अपग्रेडेशन में दिक्कतों की वजह से यह डिलिवरी कुछ महीनों से अटकी पड़ी थी। अब कंपनी अमेरिकी सरकार को इन विमानों को समय पर डिलिवरी नहीं कर पा रहा है, इसके चलते पेंटागन ने पिछले साल से ही हर जेट पर 5 मिलियन डॉलर रोक लिए थे। हालांकि, जनवरी में ये रकम 1.2 मिलियन डॉलर प्रति विमान कम कर दी गई। क्योंकि, डिफेंस कांट्रेक्टर ने अपग्रेड में कुछ प्रगति दिखाई। उधर केरल के तिरुवनंतपुरम हवाई अड्डे पर ब्रिटिश रॉयल नेवी का जो फाइटर जेट पिछले महीने के 14 जून से ठीक होने की उम्मीद में खड़ा है, वह स्न-35क्च स्टील्थ फाइटर जेट भी लॉकहीड मार्टिन का ही प्रोडक्ट है। महीने भर में दर्जनों अमेरिकी और ब्रिटिश एविएशन एक्सपर्ट इसे ठीक करने की कोशिश करके थक चुके हैं, लेकिन यह अत्याधुनिक विमान उड़ान भरने लायक नहीं हो पा रहा है।

## टेस्ला शोरूम शुरू, 67 लाख के मॉडल की बुकिंग शुरू

**मुंबई एजेंसी।** दुनिया के सबसे अमीर कारोबारी इलॉन मस्क की कंपनी टेस्ला का पहला शोरूम आज मुंबई के पॉश इलाके बांद्रा-कुर्ला कॉम्प्लेक्स में शुरू हो गया। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस उद्घाटन समारोह में पहुंचे। ये स्टोर लोगों के लिए एक एक्सपीरियंस सेंटर के तौर पर काम करेगा। यहां



न सिर्फ गाड़ियां बेची जाएंगी, बल्कि लोग टेस्ला की टेक्नोलॉजी और फीचर्स को भी करीब से देख सकेंगे। टेस्ला ने यहां जिस मॉडल ङ्क को लॉन्च किया है, वह चीन से आयात किया गया है इसलिए भारत में आयात शुल्क के बाद कीमत 60 लाख रुपए है। अमेरिका में इसकी कीमत 32 लाख रुपए है। यदि कंपनी यहां उत्पादन करेगी तो कीमतें कम होंगी। दूसरे वैरिएंट की कीमत 67.89 लाख रुपए है। इसमें 622 किमी रेंज है। अगस्त से डिलीवरी शुरू होगी।

प्रदर्शन




भोपाल के अंबेडकर मैदान में टैक्सी चालकों ने हड़ताल के दौरान प्रदर्शन किया। हड़ताल के कारण शहर में टैक्सियों का संचालन बंद रखा गया। हालांकि इसमें शहर की सभी टैक्सियों के मालिक शामिल नहीं हुए।

प्रबंधन ने जारी की रिपोर्ट

# एम्सः मरीजों को कतार से बचाने वाले ऐप के प्रति जागरूकता बढ़ाने का फैसला

**भोपाल दोपहर मेट्रो**

एम्स ने इलाज कराने से पहले की प्रक्रिया को आसान तो बनाया है लेकिन इसका लाभ लेने वालों की संख्या अपेक्षित नहीं हैं लिहाजा इन हालातों में अपने ऐप के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए संस्थान ने इसकी रिपोर्ट जारी की। रिपोर्ट से यह स्पष्ट हुआ कि इलाज कराने के लिए स्वास्थ्य ऐप अब एक जरूरी उपकरण बनता जा रहा है। दरअसल अब तक आलम यह है कि एम्स में इलाज का नाम आते ही लोगों के मन में सबसे पहले 'भीड़' और 'वेटिंग' का ख्याल आता है। हालांकि एम्स का दावा है कि यह समस्या दूर करने संस्थान ने अपना स्वास्थ्य ऐप विकसित किया, ताकि मरीज बिना लंबी कतार में लगे अपॉइंटमेंट बुक कर सकें।

अब इसकी ताजा रिपोर्ट में जाहिर हुआ है कि ऐप के जरिए तीन साल में 3.3 लाख मरीजों ने



ऑनलाइन अपॉइंटमेंट बुक किए हैं। पिछले साल 10.5 लाख मरीजों ने ओपीडी में इलाज के लिए भोपाल एम्स का रुख किया था। इसका एक आशय यह भी है कि हर 10 में से केवल 2 मरीज ही ऐप का लाभ ले रहे हैं। जानकारी के अनुसार, एम्स भोपाल द्वारा विकसित स्वास्थ्य ऐप के जरिए न सिर्फ मरीजों को अपने स्मार्टफोन पर इलाज से जुड़ी सारी जानकारी मिल रही है, बल्कि हजारों मरीज बिना लाइन में लगे इलाज की सुविधा भी प्राप्त कर रहे हैं।

### डिजिटल हेल्थ कार्ड

बताया जाता है लोग अब डिजिटल हेल्थ आइडेंटिटी को तेजी से अपना रहे हैं। अस्पताल में पंजीकरण के लिए 15 लाख से ज्यादा मर्तबा स्कैन एंड शेयर सुविधा का इस्तेमाल किया गया है। इससे दोबारा आने वाले मरीजों की लाइनें काफी हद तक कम हो गई। वहीं डिजिटल हेल्थ रिकॉर्ड ऐप से लिंक किए जा चुके हैं। इससे मरीजों को अपनी पुरानी जांच रिपोर्ट, डॉक्टर की पर्ची और ट्रीटमेंट हिस्ट्री ऐप में ही मिल जाती है।

एम्स प्रबंधन का दावा है कि अब तक 1,70,944 लोगों की आयुष्मान भारत हेल्थ अकाउंट बनाए जा चुके हैं। यह मप्र की कुल आईडी का 80 फीसद से ज्यादा है। यही नहीं, करीब साढे पांच लाख आईडी को सेंट्रल हेल्थ रजिस्ट्री से जोड़ा गया है।

## राजस्थान विस अध्यक्ष देवनानी ने संतजी की कुटिया में लिया आशीर्वाद



**हिरदाराम नगर।** राजस्थान विधानसभा के अध्यक्ष वासुदेव देवनानी, ने सोमवार को संत हिरदाराम नगर स्थित पूज्य परमहंस संत हिरदाराम जी के समाधि स्थल (कुटिया) पहुंचकर माथा टेका और उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर देवनानी ने संत जी के प्रति अपनी अगाध श्रद्धा व्यक्त करते हुए कहा कि संत हिरदाराम जी का आशीर्वाद उन्हें निरंतर प्राप्त होता रहा है। उन्होंने बताया कि संत जी द्वारा दिखाए गए मार्ग पर चलकर ही उन्हें जीवन में सही दिशा और निरंतर प्रगति मिली है, और वे आज जिस भी मुकाम पर हैं, वह उन्हीं की कृपा का प्रसाद है। कुटिया में संतजी के शिष्य सिद्ध भाउजी ने देवनानी को समाज सेवा के पथ पर इसी प्रकार अग्रसर रहने के लिए आशीर्वाद प्रदान किया। इस अवसर पर समाजसेवी महेश दयारामानी भी उपस्थित थे। उल्लेखनीय है कि वासुदेव देवनानी का भोपाल आगमन सात राज्यों के विधानसभा अध्यक्षों की एक महत्वपूर्ण बैठक में भाग लेने के लिए हुआ था।

### करोंद से सिंधी कालोनी और अन्य इलाकों में जबरदस्त अफरातफरी

# मेट्रो ने पुराने शहर को और अव्यवस्थित किया वैकल्पिक इंतजाम नहीं कर सका प्रशासन

**भोपाल दोपहर मेट्रो**

मेट्रो प्रोजेक्ट इन दिनों शहर के कई हिस्सों को अस्तव्यस्त किए हुए हैं। नये शहर की ही तरह पुराने शहर के सबसे व्यवस्त मार्गों पर भी मेट्रो प्रोजेक्ट के चलते अफरातफरी है। पहले से ही व्यस्त व अस्तव्यस्त मार्ग पर अब इस प्रोजेक्ट ने और बदहाली फैला दी है। बैरसिया रोड पर करोंद चौराहा से सिंधी कालोनी तक मेट्रो की आरेंज लाइन बिछाने का काम किया जा रहा है। मेट्रो का काम करने के लिए कंपनी ने सड़क के बीचों-बीच बेरिकेड्स लगाए हैं, जिनकी वजह से सड़कों की चौड़ाई मुश्किल से 10 फिट की रह गई है। वहीं सड़क पर पसरा अतिक्रमण लोगों के लिए सिरदर्द बना हुआ है। इस वजह से हर दिन इस मार्ग पर घंटों तक लंबा जाम लग रहा है तो वहीं वर्षा के दौरान कीचड़, गड्ढे, जलभराव ने लोगों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं।

खास बात यह कि मेट्रो प्रबंधन, नगर निगम, पुलिस, प्रशासन व्यवस्थाएं नहीं बना पा रहा है। बैरसिया रोड पर यह इस काम के शुरू होते ही कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह ने नगर निगम, प्रशासन, पुलिस के अधिकारियों को निर्देश दिए थे कि




सड़कों की चौड़ाई यदि कम हो गई है तो अतिरिक्त पट्टी बनाई जाए। सड़क किनारे व फुटपाथ पर पसरे ठेले, दुकानों के अवैध अतिक्रमण को प्रमुखता से हटाया जाए। जिससे वाहनों को आवागमन में समस्या न हो और जाम की स्थिति निर्मित न हो। मगर जिम्मेदार अधिकारी कोई व्यवस्था नहीं बना पाए हैं। नतीजतन इस मार्ग से हर दिन गुजरने वाले एक लाख से अधिक वाहन चालकों को जाम की समस्या से रूबरू होना पड़ रहा है। मेट्रो रेल लाइन के कार्य के दौरान करोंद से लेकर सिंधी कालोनी तक सड़क की खुदाई की गई थी लेकिन इसकी दोबारा से मरम्मत नहीं की गई है। वर्षा के दौरान उखड़ी सड़क पर जलभराव की स्थिति बनती है, गड्ढों से वाहनों को गुजरने में समय लगता है।ऐसे में यह लापरवाही भी लोगों के लिए परेशानी का सबब बनती है।

### सड़क पर ई रिक्शा का स्टैंड

लोगों की मुश्किल यह है कि करोंद चौराहा, डीआइजी बंगला, काजी कैंप और सिंधी कालोनी क्षेत्र में मुख्य सड़क पर जगह कम बची है। इसके बाद भी यहां पर ई रिक्शा, ऑटो और आपे चालक अपना कब्जा जमाए रहते हैं। करोंद चौराहा के चारों तरफ इनका अतिक्रमण है, जिससे दो व चार पहिया वाहनों को निकलने के लिए जगह ही नहीं बचती है। फुटपाथ पर दुकान व ठेले वालों का कब्जा सड़क पर जाम की स्थिति निर्मित न हो इसके लिए अतिरिक्त पट्टी बनाई जानी थी लेकिन कुछ ही जगह बनाई गई थी। यह भी सफल नहीं हुई, क्योंकि करोंद चौराहा से लेकर सिंधी कालोनी तक फुटपाथ पर अवैध दुकानदारों व ठेले वालों ने अपना कब्जा जमा रखा है।

### इधर... 90 की स्पीड से दौड़ी मेट्रो



राजधानी में मेट्रो की टेस्टिंग अब 90 किलोमीटर प्रतिघंटे की रफ्तार से की जा रही है। ये टेस्टिंग पूरे 6.22 किमी लंबे ट्रैक यानी, सुभाषनगर से एम्स के बीच है। कहा जा रहा है कि कमर्शियल रन के दौरान जब मेट्रो दौड़ेगी, तब भी यही रफ्तार रहेगी। मेट्रो के फेरे भी बढ़ा दिए गए हैं। ताकि, टेस्टिंग पूरी की जा सके। उधर, मेट्रो स्टेशन के अधूरे कामों को भी तेजी से पूरा किया जा रहा है। अभी एम्स, अलकापुरी और डीआरएम तिराहा स्टेशनों पर सबसे ज्यादा ध्यान दिया जा रहा है। खासतौर पर इनकी एंट्री और एग्जिट पर काम तेजी से चल रहा है। सभी काम सितंबर तक खत्म करने की डेडलाइन तय की गई है। इसके बाद अक्टूबर या नवंबर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मेट्रो की शुरुआत कर सकते हैं। पिछले दिनों सीएम मोहन यादव इसका न्योता भी दे आए हैं। ज्ञात हो कि पीएम ने 31 मई को इंदौर मेट्रो का वर्चुअल उद्घाटन किया था। अब अगला फोकस भोपाल मेट्रो पर है। भोपाल मेट्रो के डिपो के अधूरे कामों के साथ-साथ एम्स, अलकापुरी और डीआरएम तिराहा स्टेशनों पर एंट्री-एग्जिट, सिविल वर्क, सिस्टम, रोलिंग स्टॉक, ट्रैफिक, सिग्नलिंग और आंतरिक व बाहरी निर्माण कार्य तेजी से पूरे किए जा रहे हैं। यह अगस्त-सितंबर तक हर हाल में पूरा किये जाने हैं,इसके बाद इसके बाद रिसर्च डिजाइन एंड स्टैंडर्ड ऑर्गेनाइजेशन टीम भोपाल मेट्रो की तकनीकी जांच करेगी।

## नवनिध स्कूल में अभिभावक-शिक्षक संवाद, बच्चों के सर्वांगीण विकास पर जोर



**हिरदाराम नगर दोपहर मेट्रो**

नवनिध हासोमल लखानी पब्लिक स्कूल में अभिभावक-शिक्षक संघ की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जहाँ विद्यालय की प्राचार्या अमृता मोटवानी ने विद्यालय की शैक्षणिक उपलब्धियों और विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास हेतु संचालित विभिन्न पहलों की जानकारी दी।

प्राचार्या ने बताया कि विद्यार्थियों के लिए फोस्टर पेरेंटिंग, काउंसलिंग सपोर्ट, औद्योगिक भ्रमण, शैक्षिक दौरे और समर कैंप जैसी गतिविधियाँ नियमित रूप से आयोजित की जा रही हैं। उन्होंने यह भी सूचित किया कि पहली यूनिट टेस्ट 21 जुलाई से शुरू होंगे। इसके अतिरिक्त, कक्षा 10 के अभिभावकों के लिए सीबीएसई की नई परीक्षा प्रणाली पर एक विशेष जागरूकता सत्र आयोजित किया गया। मोटवानी ने बताया कि विद्यालय पाठ्यक्रम के साथ-साथ वाद-विवाद, चित्रकला, नृत्य और नाट्य मंचन जैसी सह-पाठ्यक्रमीय गतिविधियों को भी बढ़ावा देता है। छात्राओं में नेतृत्व क्षमता विकसित करने के लिए छात्र परिषद का गठन किया गया है।

### मनवानी को समाजसेवियों ने दी बधाई

## सिंधु भवन ट्रस्टः राजेन्द्र मनवानी फिर अध्यक्ष, हरीश ज्ञानचंदानी महासचिव



**हिरदाराम नगर दोपहर मेट्रो**

सिंधु भवन ट्रस्ट के नवीन पदाधिकारियों का सर्वसम्मति से चयन कर लिया गया है। इस महत्वपूर्ण बैठक में राजेन्द्र मनवानी को दूसरी बार अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

ट्रस्ट में लंबे समय से सक्रिय रहे हरीश ज्ञानचंदानी को नया महासचिव नियुक्त किया गया है। हरीश ज्ञानचंदानी अपने पिता स्वर्गीय गोविंदराम ज्ञानचंदानी की विरासत को आगे बढ़ा रहे हैं, जो स्वयं भी ट्रस्ट से जुड़े रहे थे। अन्य पदाधिकारियों में इंदौर के गुलाब ठाकुर और ग्वालियर के पीताम्बर लोकवानी को उपाध्यक्ष बनाया गया है। रीवा के महेश को सचिव, मनोज चंदानी को सह सचिव और अनिल चुग को नया कोषाध्यक्ष चुना गया है।

राजेन्द्र मनवानी वर्तमान में अपने पिता मूलचंद मनवानी की विरासत को बखूबी संभाल रहे हैं। स्वर्गीय मूलचंद मनवानी को सिंधु भवन ट्रस्ट की रीढ़ की हड्डी माना जाता था, जिन्होंने इसे एक विशाल वटवृक्ष का रूप देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने कांग्रेस सरकार के दौरान इस संस्था का गठन किया था और प्रदेशभर में घूमकर इसे खड़ा किया, जिसकी छत्रछाया में आज सैकड़ों जरूरतमंद लोग लाभान्वित हो रहे हैं।

इस ट्रस्ट के उत्थान में देवास विकास प्राधिकरण के पूर्व अध्यक्ष और वर्तमान कांग्रेस जिला अध्यक्ष मनोज राजानी जैसे कई जाने-माने कांग्रेसी नेता और सक्रिय समाजसेवियों का भी महत्वपूर्ण योगदान रहा है।

राजेन्द्र मनवानी को पुनः अध्यक्ष चुने जाने पर अखिल भारतीय सिंधी समाज, सिंधी सेन्ट्रल पंचायत, कपड़ा एसोसिएशन संत हिरदाराम नगर के पदाधिकारियों, जिनमें प्रकाश मीरचंदानी, वासुदेव वाधवानी, चंद्रप्रकाश इसरानी, सुरेश जसवानी, त्रिलोक दीपानी, कन्हैयालाल इसरानी, बीडी चंदनानी और नरेंद्र लालवानी ने बधाई दी है।

मैट्रो एंकर

### यात्रियों की सुविधा के लिए रेलवे की नई व्यवस्था आज रात से प्रभावी

# अब 8 घंटे पहले मिलेगा ट्रेन में बर्थ कंफर्म होने का मैसेज

**भोपाल दोपहर मेट्रो**

अब यात्रियों को समय रहते सीट की स्थिति जानने में और आसानी होगी क्योंकि रेलवे बोर्ड ने आरक्षण चार्टिंग की प्रक्रिया में अहम बदलाव करते हुए अब ट्रेन के प्रस्थान समय से 8 घंटे पहले पहला चार्ट तैयार करने का निर्णय लिया है। यह नई व्यवस्था 15-16 जुलाई की मध्यरात्रि से लागू हो रही है और भोपाल मंडल सहित देशभर में एकसाथ प्रभावी होगी।

दरअसल, अब तक यह चार्टिंग प्रक्रिया ट्रेन चलने के 4 घंटे पहले की जाती थी, लेकिन नई प्रणाली में यह समय सीमा बढ़ाकर 8 घंटे कर दी गई है। इससे वेटिंग और आरएसी यात्रियों को उनकी सीट की स्थिति पहले ही पता चल सकेगी, जिससे वे वैकल्पिक योजना बना सकेंगे। बताया जाता है कि जिस ट्रेन प्रस्थान सुबह 5 से दोपहर 2





के बीच होगा उसका चार्ट पिछली रात 10 बजे तक तैयार होगा। इसी तरह ट्रेन प्रस्थान दोपहर 2 से अगली सुबह 5 के बीच होगा तो पहला चार्ट प्रस्थान से 8 घंटे पूर्व बनेगा। दूसरा चार्ट वर्तमान समयानुसार प्रस्थान से 30 मिनट पहले ही तैयार किया जाएगा तथा रिमोट लोकेशन (दूरस्थ स्टेशनों) पर भी यह नियम समान रूप से लागू होगा। भोपाल मंडल के वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक सौरभ कटारिया ने बताया कि, अब इमरजेंसी कोटे के आवेदन भी एक दिन पहले ही स्वीकार किए जाएंगे। जिससे आवंटन में पारदर्शिता और समय प्रबंधन बेहतर होगा। उनके अनुसार, इस बदलाव से यात्रियों की यात्रा योजना बेहतर होगी और सीट कन्फर्मेशन की स्थिति समय से पता चलने पर उनकी असुविधाएं कम होंगी। यह नवाचार रेलवे की यात्री हितैषी नीतियों की दिशा में एक बड़ा कदम है।

## सिया चेयरमैन का कक्ष विभाग उच्च स्तर तक पहुंचा

**भोपाल दोपहर मेट्रो।** राजधानी में सिया यानि स्टेट एनवायरमेंट इम्पैक्ट असेसमेंट अथॉरिटी के चेयरमैन शिवनारायण सिंह चौहान का दफ्तर विवाद शीर्ष स्तर तक पहुंचा है। पर्यावरण विभाग के प्रमुख सचिव डॉ. नवनीत मोहन कोठारी के कथित निर्देश पर सोमवार को यह कार्रवाई हुई, खास बात यह है कि सुबह दफ्तर सील किया गया, दोपहर करीब चार बजे खोल भी दिया गया। इसके बाद सिया के चेयरमैन चौहान अपने चेंबर में बैठे। दफ्तर सील किए जाने को लेकर सिया के चेयरमैन चौहान ने कहा कि मैंने परमिशन जारी करने में हुए भ्रष्टाचार को उजागर किया था, इसलिए यह कार्रवाई की गई है। वहीं प्रमुख सचिव कोठारी ने कहा कि बिजली फाल्ट था, इसलिए कक्ष बंद किया। जिसका उन्होंने कुछ और अर्थ निकाल लिया गया है। उधर चौहान ने बताया कि पिछले लगभग 65 दिनों से सिया की कोई बैठक नहीं हुई है।



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सोमवार को दुबई में टेक्समॉस समूह की इकाई का भ्रमण किया।

### सर्वे शुरू होगा, ट्रीटमेंट प्लांट भी

# नर्मदा को निर्मल बनाए रखने ढाई हजार करोड़ खर्च करने की तैयारी

दोहपर मेट्रो, भोपाल।

**मप्र की जीवनरेखा कहलाने वाली नर्मदा नदी को निर्मल बनाए रखने के लिए राज्य सरकार 2459 करोड़ रुपए खर्च करने की तैयारी में है। इस योजना में केंद्र सरकार से भी मदद ली जाएगी। नगरीय विकास एवं आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने कहा कि नर्मदा को निर्मल बनाने के लिए अर्बन डेवलपमेंट कंपनी के अधिकारी पहले योजना का भौतिक सर्वेक्षण (फिजिकल सर्वे) कर लें। उन्होंने निर्देश दिए कि औद्योगिक क्षेत्रों से निकलने वाले दूषित जल को नर्मदा में मिलने से रोकने और पानी के ट्रीटमेंट के उपायों को भी इस परियोजना में शामिल किया जाए। नर्मदा नदी के आसपास कई धार्मिक स्थल स्थित हैं, इसलिए इन क्षेत्रों में भी दूषित जल के उपचार के लिए प्लांट की स्थापना की जाए और इन्हें पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने की योजना भी तैयार की जाए।**

मंत्रालय में निर्मल नर्मदा योजना की समीक्षा बैठक में उन्होंने कहा कि योजना के क्रियान्वयन से पहले कंपनी के अधिकारी भौतिक सर्वेक्षण कर लें। नदी किनारे बसे शहरों में सीवरेज प्लांट के निर्माण का कार्य भी निर्धारित समय-सीमा में पूरा किया जाए। नर्मदा नदी मध्यप्रदेश की जीवनरेखा है और नर्मदा मां को निर्मल बनाए रखने के लिए सरकार पूरी तरह प्रतिबद्ध है। उन्होंने यह भी कहा कि राष्ट्रीय नदी संरक्षण योजना के तहत केंद्र सरकार से हरसंभव सहायता ली जाएगी। अधिकारियों से कहा गया कि ग्रामीण विकास, जल संसाधन, और नर्मदा घाटी विकास विभाग के अधिकारियों के साथ समन्वय स्थापित कर योजना संबंधी वास्तविक जानकारी लेकर परियोजना पर कार्य करें। उन्होंने औद्योगिक क्षेत्रों से निकलने वाले अपशिष्ट जल को रोकने और उसके उपचार के उपायों को भी प्राथमिकता देने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि नर्मदा परिक्रमा स्थलों के आसपास के क्षेत्रों का भी सर्वेक्षण कराया जाए और वर्तमान में कार्यरत व निर्माणाधीन सीवरेज प्लांट की स्थिति की समीक्षा की जाए।



### निर्मल नर्मदा योजना

योजना का उद्देश्य नर्मदा नदी के शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में अपशिष्ट जल उपचार कर पुन~उपयोग की प्रणाली निर्मित कर नदी को प्रदूषण मुक्त करना। उपचारित पानी के पुन~उपयोग को बढ़ावा देना। प्रदेश में नर्मदा नदी की कुल लंबाई 1077 किलोमीटर है। इसके अंतर्गत 54 शहरी क्षेत्र और 818 ग्रामीण क्षेत्र आते हैं। योजना में 27 जिलों के शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों को शामिल किया गया है।

### धार्मिक स्थलों का भी होगा सर्वे

मंत्री ने कहा कि नर्मदा नदी के आस-पास स्थित धार्मिक स्थलों का भी सर्वेक्षण हो और वहां दूषित जल उपचार के लिए प्लांट स्थापित किए जाएं। इन स्थलों को पर्यटन के रूप में कैसे विकसित किया जा सकता है, इस पर भी कार्ययोजना तैयार की जाए। नगरीय विकास आयुक्त संकेत भोंडवे ने बताया कि नेशनल रिवर कंजर्वेशन प्रोजेक्ट के तहत नर्मदा नदी की स्वच्छता के लिए साल 2025 को ध्यान में रखकर योजना तैयार की गई है। उन्होंने कहा कि नदी से लगे शहरों में अधिकतम आवासों को नजदीकी सीवरेज प्लांट से जोड़ने के लिए लोगों को प्रोत्साहित किया जा रहा है। बैठक में तय किया गया कि नदी के आसपास के क्षेत्रों में नगरीय निकायों के माध्यम से वृहद स्तर पर पौधरोपण किया जाएगा।

### कुलसचिव का प्रभार डा शशिकला को

# पत्रकारिता विवि में प्रशासनिक बदलाव तीन एचओडी बदले

दोहपर मेट्रो, भोपाल।

माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय में कार्यदक्षता और प्रशासनिक व्यवस्था को मजबूत करने के उद्देश्य से प्रशासनिक पुनर्गठन किया गया है। विश्वविद्यालय प्रशासन ने 11 जुलाई को तीन विभागाध्यक्षों को नए प्रभार सौंपने का आदेश जारी किया है। इन बदलावों को विश्वविद्यालय की कार्यप्रणाली को और अधिक प्रभावी की दिशा में एक सकारात्मक कदम माना जा रहा है।

नवीन मीडिया प्रौद्योगिकी विभाग की विभागाध्यक्ष प्रो. डॉ. पी. शशिकला को कुलसचिव का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। अभी तक वे डीन (अकादमिक) का पद संभाल रहीं थी। नया दायित्व विश्वविद्यालय के प्रशासनिक संचालन में एक महत्वपूर्ण भूमिका मानी जा रही है। कंप्यूटर अनुप्रयोग विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. डॉ. मनीष महेश्वरी अब तक डीन (छात्र कल्याण) थे। अब उन्हें नया पद डीन (अकादमिक) का दिया गया है। मीडिया प्रबंधन विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. डॉ. अविनाश वाजपेयी कुलसचिव रहे। अब उन्हें डीन (छात्र कल्याण) का अतिरिक्त कार्यभार दिया गया है।



### महत्वपूर्ण बदलाव

विश्वविद्यालय प्रशासन का मानना है कि यह पुनर्गठन न केवल प्रशासनिक संतुलन को बेहतर बनाएगा, बल्कि शैक्षणिक और छात्रहित से जुड़े कार्यों को भी सुचारू रूप से संचालित करने में मदद करेगा। एनएसयूआई विश्वविद्यालय प्रभारी तनय शर्मा ने इस फेरबदल को छात्रहित में बड़ी जीत बताया है। उनका कहना है कि डॉ. वाजपेयी पर कई प्रशासनिक और शैक्षणिक अनियमितताओं के आरोप थे, जिनके खिलाफ संगठन लगातार आवाज उठा रहा था। शर्मा ने बताया कि पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने भी कुलगुरु को पत्र लिखकर इस मामले में चिंता जाहिर की थी। उन्होंने कहा कि यह कदम विश्वविद्यालय में पारदर्शिता और जवाबदेही की दिशा में अहम है।

## फर्जी नर्सिंग कॉलेज मामले में 16 को सुनवाई

दोहपर मेट्रो, भोपाल

फर्जी नर्सिंग कॉलेजों के मामले में हाईकोर्ट में सुनवाई 16 जुलाई को होगी। प्रदेश में नियम विरुद्ध पैरामेडिकल कॉलेज संचालित किये जाने के खिलाफ हाईकोर्ट में आवेदन पेश किया था। हाईकोर्ट जस्टिस अतुल श्रीधरन तथा जस्टिस दिनेश कुमार पालीवाल ने पेश किये गये आवेदन की सुनवाई संज्ञान याचिका के रूप में करने के आदेश जारी किये हैं। युगलपीठ ने आदेश में कहा है कि अंतिम स्तर तक मुकमल जांच कराते हुए दोषियों के खिलाफ कार्यवाही की जायेगी। मामले की अगली सुनवाई 16 जुलाई को नियत की गई है। लॉ स्टूडेंट्स एसो. अध्यक्ष विशाल बघेल की ओर से साल 2022 में दायर याचिका में प्रदेश में फर्जी नर्सिंग कॉलेज संचालित किये जाने को चुनौती दी गयी थी

### आज से 30 जुलाई तक प्रदेशभर में चलेगा विशेष अभियान

# मप्र पुलिस का जन-जागरूकता अभियान नशे से दूरी - है जरूरी

दोहपर मेट्रो, भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की प्रेरणा से प्रदेश को नशामुक्त बनाने की दिशा में मध्यप्रदेश पुलिस ने एक वृहद जन-जागरूकता अभियान नशे से दूरी है जरूरी÷की शुरुआत की है। यह अभियान 15 से 30 जुलाई 2025 तक पूरे राज्य में संचालित किया जाएगा। पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाणा के मार्गदर्शन में यह अभियान पुलिस मुख्यालय की नारकोटिक्स विंग द्वारा चलाया जा रहा है।अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (नारकोटिक्स) श्री के. पी. वेंकटेश्वर राव ने बताया कि इस अभियान का उद्देश्य किशोरों और युवाओं को नशे के दुष्प्रभावों से अवगत कराना, उन्हें इस लत से दूर रखना और जो लोग पहले से नशे की गिरफ्त में हैं, उन्हें उचित परामर्श और सहयोग प्रदान कर पुनर्वास की दिशा में मार्गदर्शन देना है। इस जन-जागरूकता अभियान में विभिन्न शासकीय विभाग, गैर-सरकारी संगठन , धर्माचार्य, समाजसेवी, जनप्रतिनिधि, और ग्राम एवं नगर सुरक्षा समितियाँ सक्रिय रूप से भाग लेंगी। समाज के सभी वर्गों के सहयोग से समाज के हर वर्ग तक संदेश पहुंचाया जाएगा कि नशा केवल व्यक्ति ही नहीं, पूरे समाज को प्रभावित करता है इससे दूरी रखना नितांत आवश्यक है।



**मेट्रो एंकर**

### प्रदेश भाजपा अध्यक्ष ने बताया अपना विजन

# 'हर समय पार्टी कार्यालय में न दिखें पदाधिकारी'

दोहपर मेट्रो, भोपाल

भाजपा के नये अध्यक्ष के कामकाज के तरीके और विजन से पार्टी के कई नेता कार्यकर्ता अवगत होने लगे हैं। उन्होंने पार्टी पदाधिकारियों को साफ कहा है कि कई कार्यकर्ता मुझे सातों दिन यहां (भोपाल) दिखते हैं लिहाजा जिनके पास जहां दायित्व है उन्हें वहां समय देकर काम करना चाहिए। उन्होंने कहा कि मैं मंगलवार को भी भोपाल में ही रहूंगा। मोर्चों के अध्यक्षों जिलाध्यक्षों को सातों दिन कार्यालय पर नही रहना चाहिये। वे अपने प्रवास के कार्यक्रम बनाएं और हर महीने के कार्यक्रमों का कैलेंडर बनाकर काम करें। खंडेलवाल ने भाजपा कार्यालय में जिलाध्यक्षों और प्रदेश पदाधिकारियों की पहली बैठक में यह भी कहा कि उन्होंने कहा कि मैं अपने परिवार से अकेला राजनीति में हूं। मेरे नाम से किसी पर भी भरोसा नहीं करें। बैठक को प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद शर्मा, प्रदेश प्रभारी डॉ. महेंद्र सिंह और प्रदेश महामंत्री भगवानदास सबनानी ने भी संबोधित किया।



नये अध्यक्ष खंडेलवाल ने कहा- पार्टी में बैठकों को लेकर एक अनुशासित परिपाटी शुरू करनी होगी। जो समय बैठक के लिए तय किया है। विधायकों, सांसदों के साथ होने वाली बैठकें शनिवार-रविवार को रखें। उन्होंने प्रदेश स्तर से लेकर बूथ स्तर की बैठकों के लिए भी टाइमलाइन बताई। अब शनिवार की बैठक में जिला पदाधिकारी और मंडल अध्यक्ष शामिल हों। इसके अलावा गुरूवार -शुक्रवार को शक्ति केंद्र और बूथ अध्यक्षों की बैठक आयोजित होगी। खंडेलवाल ने कहा कि मन की बात के बहाने हमारी बूथ की बैठक हो जाती है। इसे गंभीरता से करना चाहिए। प्रदेश पदाधिकारियों की बैठक दो महीने में होगी।

### खुद के लिए भी खेद !

बताया जाता है कि खंडेलवाल ने खुद के देरी से पहुंचने पर यह भी कहा कि %मैं पहली ही बैठक में तय समय पर नहीं आ पाया । जबकि मेरी आज आप लोगों के साथ पहली बैठक है। यह बैठक दो बजे से शुरू होना थी। लेकिन, मुझे विधानसभा अध्यक्ष ने बुला लिया था। उन्होंने 7 राज्यों की विधानसभाओं के अध्यक्षों का राज्यपाल के साथ लंच रखा था। इस वजह से मैं देर से आया लेकिन अब बैठकें समयबद्ध तरीके से हों ये सुनिश्चित करेंगे।




## संपादकीय

# कई और जवाब आने बाकी

अहमदाबाद विमान हादसे को एक महीना हो गया लेकिन उसकी भयावहता लोगों के जेहन में कायम है। अब इस हादसे की प्रारंभिक जांच में चौंकाने वाले खुलासे से बवाल मचा हुआ है। भारत से लेकर अमेरिका में बोइंग बनाने वाली कंपनी भी मैदान में अपने तर्कों के साथ कूद पडी है। रपट में कहा गया है कि दुर्घटना से ठीक पहले विमान के दोनों इंजन में ईंधन पहुंचाने वाले स्विच बंद हो गए थे, पायलटों में भ्रम की स्थिति पैदा हो गई। भ्रम इस बात का कि स्विच किसने बंद किए। यह तकनीकी खराबी के कारण हुआ या किसी की गलती से हुआ, यह जवाब अभी आना बाकी है। क्योंकि रिपोर्ट में इसका कोई उल्लेख नहीं है। यानी हादसे के एक कारण का तो पता चल गया, लेकिन इस कारण के पीछे असल वजह क्या थी, यह सवाल अब भी अनुत्तरित है। एअर इंडिया के बोइंग 787 ड्रीमलाइनर विमान में सवार 242 लोगों में से एक को छोड़कर बाकी सभी की इस हादसे में मौत हो गई थी। इस दुर्घटना के बाद कई सवाल खड़े हुए हैं, जिनका जवाब इसलिए भी तलाशना जरूरी है, ताकि भविष्य में ऐसी किसी बड़ी त्रासदी को रोकने के पुख्ता बंदोबस्त किए जा सकें। विमान दुर्घटना जांच ब्यूरो की रपट के अनुसार, एअर इंडिया के इस विमान के उड़ान भरने के कुछ ही क्षण बाद इसके दोनों ईंधन नियंत्रण स्विच अचानक बंद हो गए थे। इसकी पुष्टि घटना के वक्त 'काकपिट वायस रेकार्डिंग' में पायलट और सह-पायलट की आपसी बातचीत से हुई है। बातचीत के दौरान एक पायलट ने दूसरे से पूछा कि ईंधन की आपूर्ति क्यों बंद की गई, तो जवाब मिला कि उन्होंने ऐसा नहीं किया। सबसे बड़ा सवाल यह है कि दोनों ईंधन नियंत्रण स्विच एक साथ बंद कैसे हो गए। नियमानुसार उड़ान से पहले विमान की तकनीकी जांच की जाती है फिर उड़ान की अनुमति दी जाती है। ऐसे में अगर एअर इंडिया के इस विमान में कोई तकनीकी खराबी थी, तो वह उड़ान से पहले की जांच के दौरान पकड़ में क्यों नहीं आई? हादसे की आगे की जांच में इन आशंकाओं से जुड़े सवालों को भी शामिल करने की जरूरत है। जांच रपट का दूसरा पहलू यह है कि कहीं अनजाने में पायलट की गलती से ईंधन नियंत्रण स्विच बंद तो नहीं हुए। हालांकि रिपोर्ट में इस पर स्पष्ट रूप से कोई संकेत नहीं है। विमानन क्षेत्र के विशेषज्ञों का कहना है कि पायलटों द्वारा ईंधन स्विच को अनजाने में चालू या बंद करने की संभावना बहुत कम होती है, क्योंकि स्विच में एक छोटा 'मैकेनिकल गेट' लगा होता है। जबकि रिपोर्ट में कहा गया है कि दोनों पायलटों ने इंजनों को फिर से चालू करने की कोशिश की, लेकिन एक इंजन ही ठीक हो पाया, जबकि दूसरा गति बढ़ाने के लिए पर्याप्त ऊर्जा उत्पन्न नहीं कर पाया। यानी पायलटों ने उस नाजुक घड़ी में हार नहीं मानी थी और उन्होंने वह हर कोशिश की जो संभव थी। इसके अलावा विमान दुर्घटना जांच ब्यूरो ने इस हादसे के पीछे किसी साजिश की आशंका को भी अभी तक दरकिनार नहीं किया है। वैसे भी जिस तरह से यह पूरा घटनाक्रम सामने आया है, उसमें हर पहलू की गहन जांच होनी ही चाहिये। हालांकि बोइंग कंपनी और अमेरिका सरकार का कल जो तर्क आया है, उससे माना जा रहा है कि वह सारा दोष भारतीय पायलटों पर मढना चाहती है लेकिन जांच एजेंसी ने भी कहा है कि यह अंतिम रिपोर्ट नहीं है, जाहिर है कि अभी कई खुलासे सामने आने बाकी हैं।

**मनुष्यता बड़ी है परन्तु मनुष्य छोटा।**
**-बोर्न**

## आज का इतिहास

- 1904: अमेरिका के लॉस एंजिल्स में पहला बौद्ध मंदिर बना।
- 1910: एमिल क्रेपलिन ने एलॉइस अल्जाइमर के नाम पर अल्जाइमर बीमारी का नाम दिया।
- 1916: दुनिया की सबसे बड़ी एयरोस्पेस कंपनी बोइंग की शुरुआत।
- 1926: बॉम्बे (अब मुंबई) में पहली मोटरबस सेवा शुरू।
- 1955: प्रथम राष्ट्रपति डॉ. राजेन्द्र प्रसाद ने देश के तत्कालीन प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरु को सर्वोच्च नागरिक सम्मान भारत रत्न देने की घोषणा की।
- 1961: स्पेन ने पुरुषों और महिलाओं के लिए समान अधिकारों को स्वीकार किया।
- 1968: अमेरिका और तत्कालीन सोवियत संघ के बीच वाणिज्यिक विमान सेवा की शुरुआत।
- 1979: भारत के तत्कालीन प्रधानमंत्री मोरारजी देसाई ने अपने पद से इस्तीफा दिया।
- 2000: सिएरा लियोन में सैन्य कार्रवाई कर बंधक बनाए गए सभी भारतीय सैनिकों को मुक्त कराया गया।
- 2002: पाकिस्तान में अमेरिकी पत्रकार डेनियल पर्ल के हत्यारे उमर शेख को अदालत ने मौत की सजा सुनाई।
- 2004: माओवादियों से वार्ता में नेपाल के प्रधानमंत्री ने विदेशी मध्यस्थता मंजूर की।
- 2005: श्रीलंका के सुप्रीम कोर्ट ने सुनामी राहत सामग्री बंटवारे विषयक सरकार-लिट्टे समझौते को निलंबित किया।
- 2008: नेपाल में दोनों प्रमुख वामपंथी दलों के बीच देश के प्रथम राष्ट्रपति और उपराष्ट्रपति पद पर नियुक्तियां और नई सरकार के गठन पर सहमति बनी।
- 2011: भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने पीएसएलवी सी-17 के जरिए जीसैट-12 ए का श्रीहरिकोटा से सफल प्रक्षेपण किया।
- 1611: आमेर के राजा जय सिंह का जन्म।
- 1840: परिष्कृत शिक्षाविद, ग्रंथकार और सांख्यिकीविज्ञ अंग्रेज अधिकारी विलियम विलसन हंटर का जन्म।
- 1883: प्रसिद्ध भारतीय उद्योगपति जमशेद जी जीजाभाई का जन्म।
- 1903: भारत रत्न से अलंकृत तमिलनाडु के पूर्व मुख्यमंत्री के. कामराज का जन्म।

## निशाना

### छिड़ा घमासान !



-कृष्णेन्द्र राय

लेकर रिटायरमेंट को।
छिड़ा घमासान।।
मिल गया है मौका।
छेड़ने को तान।।
ताने और तंज में।
गया दशक है बीत।।
खुल कर लेकिन कोई भी।
ना मिली है जीत।।
हुए लाख प्रयास पर।
नहीं मिला उपहार।।
मुद्दा चाहे कोई भी पर।
नहीं मददगार।।
बल लगाना व्यर्थ।
है दरवाजा बंद।।
है रोना बेकार।
मुसकाओ बस मंद।।

# आधार को कमजोर कर ईसी अनजाने में लोकतंत्र को कमजोर तो नहीं कर रहा

■ **राजीव खण्डेलवाल**

बिहार ने देश को ''बे-हाल'' कर दिया है। उच्चतम न्यायालय से लेकर सर्वथा चर्चा चुनाव आयोग द्वारा मतदाता सूची की विशेष गहन पुर्नरीक्षण ''सर'' की अभूतपूर्व कार्रवाई की है। यद्यपि चुनाव आयोग (ईसी) का यह दावा है कि इसी तरह की प्रक्रिया वर्ष 2003 में बिहार में की जा चुकी है। अतः यह ''अभूतपूर्व'' नहीं है, जैसा कि विपक्षी दलों के कुछ नेताओं दावा कर रहे हैं। यद्यपि उक्त कहावत लगभग 1 वर्ष में 2024 के लोकसभा चुनाव के पूर्व पूरी हो चुकी थी। तथापि इस सूची के आधार पर ही पूरे देश के लोकसभा चुनाव वर्ष 2024 में हो चुके हैं। फिर वर्ष 2024 के बाद भी मतदाता सूची का सामान्य सत्यापन जिसे ''विशेष सारांश पुर्नरीक्षण'' एस.एस.आर 2025 चुनाव आयोग करा चुका है। ''द रिपोर्टर्स कलेक्टिव'' की एक रिपोर्ट के अनुसार यह एक नियमित प्रक्रिया है। परिणाम स्वरूप जनवरी 2025 तक यह मतदाता सूची मजबूत व अद्यतन मानी गई। आम मतदाता चुनाव आयोग की इस नए अभियान से ''आधार'' के आधार पर मिले मताधिकार के कारण एक नागरिक होने के नाते सरकारी योजनाओं से मिलने वाली सुविधाओं के प्रति वह चिंतित है। क्या चुनाव आयोग अब 'आधार' को ''निराधार'' ठहराने का प्रयास कर रहा है? जैसा कि कुछ विपक्षी नेता आरोप लगा रहे हैं। यह तो ''जिन्न को वापस बोतल में डालने जैसा है''। चुनाव आयोग ने अनजाने में ही विपक्षी दलों को जो अभी से मतदाता को चेता रहे हैं कि ''तेरी गठरी में लागा चोर, मुसाफिर जाग जरा'', को चुनाव आयोग व सत्ता पक्ष के विरोध में एक ''चुनावी हथियार'' बिहार में होने वाले आगामी विधानसभा के आम चुनावी बेला के पूर्व ही दे दिया है। बि-हार, जिसमें ''हार'' शब्द शामिल है, विपक्ष के शब्दों में चुनाव आयोग इस ''हार'' को किस तरह, किसके पक्ष में प्रभावित करेगा या किसके गले में ''हार'' पहनाया, इसकी सत्यता फिलहाल ''समय के गर्भ'' में है?

वर्ष 2009 में यूपीए सरकार ने ''आधार कार्ड'' की योजना को लागू किया गया था। तथापि तत्समय भाजपा ने आधार परियोजना का स्पष्ट रूप से समर्थन नहीं किया था। विपक्ष में होने के नाते, भाजपा ने आधार कार्ड की शुरुआत के दौरान निजता, डेटा सुरक्षा, और इसकी अनिवार्यता को लेकर चिंताएँ व्यक्त की थीं। हालांकि, 2014 में सत्ता में आने के बाद भाजपा ने आधार को न केवल अपनाया बल्कि इसका विस्तार भी किया और 2016 में आधार अधिनियम को पारित करवाकर इसे कानूनी मान्यता दी। चुनाव आयोग ने अगस्त 2022 में स्वयं मतदाता सूची को आधार कार्ड से जोड़ने की ''स्वेच्छिक प्रक्रिया'' प्रारंभ की है। वैसे चुनाव आयोग ने कभी भी न तो आज और न ही इसके पूर्व सिर्फ आधार के आधार पर मतदाता सूची में नाम जोड़ने की प्रक्रिया को लागू किया है। ''आधार सिर्फ व्यक्ति की पहचान व निशान को प्रमाणित करता है''। इससे ज्यादा कुछ नहीं। नागरिकता को नहीं! तथापि ''आधार'' सहायक दस्तावेज के रूप में किसी भी पहचान पत्र का एक महत्वपूर्ण भाग अवश्य रहा है। वास्तव में आवश्यकता आज इस बात की थी कि ''आधार'' का आधार क्षेत्र बढ़ाकर व्यापक किया जाकर उसे एक पूर्ण स्वतंत्र कार्ड के रूप में स्वीकार किया जाकर मान्यता दी जानी चाहिए। माननीय न्यायाधिपति धूलिया का यह कथन बहुत ही महत्वपूर्ण है कि ''आप जो दस्तावेज मांग रहे है, अगर मुझसे मांगेंगे तो मेरे पास भी नहीं मिलेगा''। इससे आधार कार्ड की महत्ता, सुलभता व उपयोगिता सिद्ध होती है। ''आधार'' का आधार-व्यापक क्षेत्र बढ़ाया जाना चाहिए।

''वोटर आईडी'' जो स्वयं चुनाव आयोग द्वारा जारी किया गया है, उसे भी चुनाव आयोग स्वीकार करने से इंकार कर रहा है। इसे समझदारी पूर्ण निर्णय नहीं कहा जा सकता है। यह ठीक उसी प्रकार हो रहा है, जिस प्रकार भारत सरकार ने ''ऑपरेशन सिंदूर'' के समय यह तय किया था कि पाकिस्तान सेना या नागरिकों पर हमला नहीं करेगा, सिर्फ आतंकी आतंकियों और आतंकी स्थल को ''टारगेट'' किया जाएगा। मतलब आतंकी की ''प्रोडक्शन मशीन'' पाकिस्तान की सेना को छोड़कर उसके ''प्रोडक्ट आतंकवादियों'' को आपको बार-बार नष्ट करना होगा। ठीक उसी प्रकार आधार कार्ड के मुख्य आधार पर (अन्य दस्तावेजों के साथ) बने ''दूसरे पहचान पत्रों'' को स्वीकार कर आप किस तरह का संदेश देना चाहते हैं? चुनाव आयोग आज आधार के क्षेत्र को व्यापक करने के बजाए सीमित करने में क्यों तुला है? चुनाव आयोग द्वारा दिये गये पहचान पत्रों में से किसी भी एक में सर्वाधिक पहचान पत्र 140 करोड़ ''आधार'' के ही बने हैं। इसलिए इसके बनने में कुछ ''सुरक्षा तत्वों'' को शामिल कर इसे पूर्णतः ''एक व्यापक स्वतंत्र पहचान पत्र'' बनाये जाने की नितांत आवश्यकता है। सामान्य रूप से इसे नागरिकता का ''आधार'' बनाया जाना चाहिए। जब हम आधार को हर क्षेत्र में लागू करने का निरंतर प्रयास कर रहे है। विदेशों से आने वाले व्यक्तियों जो आधार कार्ड की पात्रता रखते है, उसमें निश्चित अवधि लिखी होती है। अतः यह भ्रम नहीं होना चाहिए। वैसे जब 11 पहचान पत्रों में से सिर्फ पासपोर्ट को छोड़कर बाकी 10 पहचान पत्र स्वतंत्र रूप से अपने आप में व्यक्ति की नागरिकता को पूर्ण रूप से प्रमाणित नहीं करते हैं बावजूद इसके वे मतदाता सूची में नाम जुड़वाने के लिए सक्षम पहचान पत्र चुनाव आयोग द्वारा माने गए हैं। तब फिर यह भेदभाव सिर्फ ''आधार कार्ड'' के साथ ही क्यों?

सही कहा हैं; ''खटमल के कारण खटिया क्यों मार खाये''? बात जहां तक गड़बड़ी की है, वह गड़बड़ी, जालसाजी सिर्फ आधार कार्ड तक ही सीमित नहीं है, वह हर ''पहचान पत्र'' के साथ हो सकती ही नहीं, बल्कि ''चक्की में से भी साबुत निकल आवे'' की हद तक जुड़ी हुई है। जब देश में कोई भी नया कानून बनाया जाता है, तब उसके ''दुरुपयोग'' की संभावनाएं कहीं न कहीं रहती ही हैं। परन्तु इस आधार पर कोई कानून ही न बनाया जाए ऐसा नहीं होता है। यही सिद्धांत आधार को आधार मानकर लागू करना चाहिए और जहां भी गड़बड़ी की कोई सूचना चुनाव आयोग के पास है, क्योंकि यह अधिकार उसी के पास है कि वह मतदाता सूची की गड़बड़ियों, गलतियों को ठीक करें, ''गाय को अपने सींग भारी नहीं होते''; ऐसे गलत अवैध आधार कार्ड के आधार पर मतदाता सूची से नाम निरस्त करें। परन्तु आधार का आधार मजबूत कर ''धार-दार'' बनायें। उच्चतम न्यायालय का चुनाव आयोग को 11 दस्तावेजों के अतिरिक्त, ''आधार'' को जोड़ने का सुझाव भी इसी दिशा में है।

**(साभार : यह लेखक के निजी विचार हैं)**

> **क्या चुनाव आयोग अब 'आधार' को ''निराधार'' ठहराने का प्रयास कर रहा है? जैसा कि कुछ विपक्षी नेता आरोप लगा रहे हैं। यह तो ''जिन्न को वापस बोतल में डालने जैसा है''। चुनाव आयोग ने अनजाने में ही विपक्षी दलों को जो अभी से मतदाता को चेता रहे हैं कि ''तेरी गठरी में लागा चोर, मुसाफिर जाग जरा'', को चुनाव आयोग व सत्ता पक्ष के विरोध में एक ''चुनावी हथियार'' बिहार में होने वाले आगामी विधानसभा के आम चुनावी बेला के पूर्व ही दे दिया है। बि-हार, जिसमें ''हार'' शब्द शामिल है, विपक्ष के शब्दों में चुनाव आयोग इस ''हार'' को किस तरह, किसके पक्ष में प्रभावित करेगा या किसके गले में ''हार'' पहनाया, इसकी सत्यता फिलहाल ''समय के गर्भ'' में है?**




# प्रगतिशील सुधार आंदोलन बदलेगा सामंती सोच

■ **डॉ. जगमति सांगवान**

सपनों के शहर मिलेनियम सिटी गुरुग्राम में 25 वर्षीय राधिका यादव के सपनों का इतना दर्दनाक अंत बहुत ही झकझोर देने वाली घटना है। मिलेनियम सिटी, उसका सुशांत लोक संभवतः सबसे पाश इलाका। उसमें एक जानी-मानी टेनिस खिलाड़ी, उसके लाइसेंसी रिवाल्वर रखने वाले पिता के द्वारा किचन में काम करते हुए पीछे से 5 गोलियां दागकर हत्या। इस अपराध का पूरा प्रोफ़ाइल हरियाणा में रियल-एस्टेट, बिल्डर, प्रॉपर्टी डीलर आदि के अनाप-शनाप धंधों से अच्छा खासा पैसा बनाकर तथाकथित आधुनिक जीवन जीने की लालसा रखने वाले तथा सामंती व पितृ सत्तात्मक विचारों से उस पर इज्जत का मुलम्मा चढ़ाने वाले लोगों के विखंडित व्यक्तित्व का कॉकटेल है। वैसे तो इज्जत के नाम पर ऐसी हत्याएं हमारे समाज की मुख्य धारा के लोगों की भी समस्याएं हैं, लेकिन भले ही इधर-उधर हाफले मारकर इन नवधनाढ्यों ने 21वीं सदी के अमीरों वाली सुविधा जुटा ली है परंतु मानसिकता अभी भी 18वीं सदी में खड़ी है। ये अपनी बीवी बेटियों को अपनी संपत्ति समझते हैं जिन्हें वह जैसे चाहें बरत सकते हैं। इनके जीवन-मूल्य सिविल सोसायटी या नागरिक समाज की संगति में नहीं बने-ढले। बल्कि सामंतवाद पर आरोपित पूंजीवादी आधुनिकता में रचे बसे हैं।

हरियाणा की बेटियों को खेलों के माध्यम से ज्ञान (एक्सपोज़र) व ताकत दोनों मिले हैं वे भी न्याय के लिए शीर्ष राजनीति या पितृसत्ता से टकराते हुए ज्यादा आगे-पीछे की नहीं सोच रही। फिर चाहे वह शिक्षा डागर, विनेश फोगाट, साक्षी मलिक या राधिका यादव कोई भी हो। इस केस में क्योंकि पिता नवधनाढ्य वर्ग से आता है जो सोचते हैं 'हमने क्या-क्या जलालत झेलकर इनके लिए ये सुख-सुविधाएं जुटाई और आज यही आगे से जवाब देते हैं।' तो यहां एक अतिरिक्त असहिष्णुता का पुट भी है।

लेकिन खिलाड़ी लड़कियां, जिनके खेलों के माध्यम से सशक्त व्यक्तित्व बने हैं वो आसानी से हथियार डालते नजर नहीं आ रही। हरियाणा की जूनियर कोच जिस पर पूर्व खेल मंत्री द्वारा यौन हमले का आरोप है उसने उसका दमन करने में कोई कोर कसर बाकी नहीं छोड़ी। उसके बावजूद आज तक कोर्ट में उसके सामने डटी खड़ी है। साक्षी मलिक, विनेश फोगाट, संगीता फोगाट बिना आगे पीछे की परवाह किए यौन शोषण आरोपी भारतीय कुश्ती संघ के अध्यक्ष व भाजपा सांसद बृजभूषण को बचाने वाली सरकार के खिलाफ सीधा जंतर मंतर पर जाकर धरने पर बैठ गई। वे बृजभूषण को सुप्रीम कोर्ट के दरवाजे पर घसीट कर ले आई। यहां राधिका यादव के पिता ने भी जो मीडिया में आया है उसके हिसाब से कई बार उसे रील न बनाने व खेल एकेडमी बन्द करने का आदेश दिया। राधिका ने रील बनाना तो बन्द कर दिया मगर अपनी पसन्द का काम नहीं छोड़ा। वैसे भी किचन में काम कर रही राधिका पर पीछे से पीठ में गोलियां दागी हैं। शायद पिता को यह अंदेशा रहा हो कि अगर आमने-सामने होंगे तो मुमकिन है राधिका बच निकले या पलटवार करे।





राधिका की हत्या अंतिम रूप में इज्जत के नाम पर की गई हत्या है। दीपक यादव कह रहा है कि लोग उसे ताने देते थे कि 'बेटी की खेल अकेडमी की कमाई खा रहा है जो रोज रीलें बनाती है यह मुझसे बर्दाश्त नहीं हुआ।' यही तो इज्जत के नाम पर की जाने वाली हत्याओं का उद्गम-स्थल है। जब कोई व्यक्ति विशेष जीवन के किसी भी क्षेत्र में समाज की स्वीकार्य आचार संहिताओं से अलग व्यवहार करता है तो समाज द्वारा अलग-अलग तरीके से उसका विरोध किया जाता है। मगर सामान्य बुद्धि के लोग ज्यादा समाज व धर्म भीरु होते हैं। उदाहरण के तौर पर इसी केस में दीपक यादव ने कभी किसी ताना देने वाले पर हमला नहीं किया मगर अपनी बेटी की तो जान ही ले ली। किसको नहीं पता कि दहेज व महिला असुरक्षा की वजह से लड़की की भ्रूण हत्या होती है। मगर यह समाज दहेज के खिलाफ या महिला सुरक्षा के लिए लड़ने की बजाय लड़कियों की गर्भ में ही हत्या करने में गुरेज नहीं करता। आज नहीं तो कल इस सामाजिक मानसिकता को संविधान की संगति में ढालने के काम की चुनौती यहां के लोगों को स्वीकार करनी ही पड़ेगी। हमें समझना होगा कि अपने से अलग मत को भी सहन करते हुए लोकतंत्र में सामाजिक सहअस्तित्व की जगह निकालनी होती है।

इसके लिए प्रदेश में एक प्रगतिशील समाज सुधार आंदोलन की जरूरत को रेखांकित करना होगा। जिसमें वर्ण व्यवस्था व पितृसत्ता को खत्म करने के लिए जाति व लैंगिक भेदभाव के खिलाफ सत्याग्रह, संघर्ष, आंदोलन चलाते हुए हमारे यहां नागरिक समाज का निर्माण हो। जहां इंसान की मानवीय गरिमा व लोकतांत्रिक अधिकार जाति, धर्म, लिंगभेद से ऊपर हों। दीपक जैसे लोगों को पता है कि गवाह, सबूत के अभाव में वे सजा से बच सकते हैं। इसलिए अब कानून का ड्राफ्ट आगे बढ़ाना ही चाहिए। कानून के अभाव में भी इतने निर्मम समाजभीरु व धर्मभीरुओं को उदाहरणीय सजा सुनिश्चित करवाने के लिए पुलिस को अभी से इस केस में एहतियाती कदम उठाने होंगे।

**(साभार : यह लेखिका के विचार हैं।)**

# शासकीय संस्थानों का नियमित निरीक्षण करें अधिकारी : कलेक्टर

**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो**

कलेक्टर सोनिया मीना ने समय सीमा बैठक के दौरान कलेक्टर ने अधिकारियों द्वारा किये जा रहे निरीक्षण, सीएम हैल्पलाइन, समयसीमा प्रकरण, निराश्रित पशुओं को स्थानांतरित करने जैसे अन्य बिंदुओं पर विस्तार से समीक्षा की एवं अधिकरियों को दिशा निर्देश दिये। समय सीमा की बैठक के दौरान कलेक्टर ने अधिकारियों द्वारा किए जा रहे शालाओं एवं आंगनबाड़ियों तथा स्वास्थ्य केंद्रों के निरीक्षण की समीक्षा के दौरान कहा कि आगामी 1 सप्ताह में निरीक्षण के दौरान प्राप्त प्रतिक्रियाओं एवं इनपुट को संकलित कर रिपोर्ट तैयार कर संबंधित जिलाधिकारी को प्रस्तुत की जाए। उन्होंने परख मोबाइल ऐप पर भ्रमण एवं निरीक्षण की जानकारी अद्यतन किए जाने के निर्देश भी दिए। कलेक्टर ने कहा कि पूर्व वर्ष की भांति इस वर्ष भी सभी अधिकारी अभियान मोड में कार्य करें। उन्होंने कहा कि पिछले वर्ष किए गए निरीक्षणों का सकारात्मक परिणाम बोर्ड परीक्षाओं में भी देखने को मिला था। ऐसे में इस वर्ष भी सभी अधिकारी पूरी गंभीरता, उत्साह एवं कर्तव्यनिष्ठा के साथ निरीक्षण कार्य संपादित करें और व्यवस्थाओं को सुधारने में अपना योगदान दें।

उन्होंने सख्त निर्देश दिए कि जिन अधिकारियों का प्रदर्शन लगातार खराब रहेगा उनके विरुद्ध कार्यवाही का प्रस्ताव तैयार किया जाए।

उन्होंने कहा कि जिले की



रैंकिंग को बनाए रखने के लिए हर विभाग का प्रदर्शन संतोषजनक रहना चाहिए, किसी एक विभाग के खराब प्रदर्शन से पूरे जिले की रैंकिंग पर विपरीत असर न पड़े। कलेक्टर ने निर्देशित किया कि फोर्स क्लोज अथवा मांग में परिवर्तित करने योग्य शिकायतों का परीक्षण गंभीरता से किया जाए और केवल पूर्ण परीक्षण उपरांत ही उन्हें उक्त श्रेणियों में डाला जाए।

कलेक्टर ने कहा कि सभी अधिकारी जवाब दायर करने से पूर्व शासकीय अधिवक्ता से विधिक परीक्षण अवश्य कराएं, ताकि न्यायालयीन प्रक्रियाओं में किसी प्रकार की अनियमितता न हो। कलेक्टर सोनिया मीना ने जिले में निराश्रित पशुओं को मुख्य मार्गों और सड़कों से हटाकर शासकीय गौशालाओं एवं अस्थाई आश्रय स्थलों में भेजने की कार्यवाही की तहसीलवार समीक्षा की। उन्होंन अधिकारियों को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि निर्देशों का पालन समयबद्ध रूप से नहीं करने की स्थिति में संबंधित अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी किए जाए।

उन्होंने कहा कि स्वयंसेवी संस्थाओं, जनभागीदारी आदि संस्थाओं के माध्यम से भी ग्रामीण क्षेत्रों में जागरूकता अभियान चलाया जाए तथा जिले के अन्य दूर दराज के वन परिक्षेत्र में स्थित ग्रामों में मच्छरदानी आदि भी वितरित करवाई जाए।

### सभी ओवरफ्लो पुल-पुलियों और रपटों पर संकेतक लगाकर बैरिकेडिंग होगी , वीडियो कांफ्रेंस में दिए गए निर्देश

# कमिश्नर ने कलेक्टरों को दी सड़कों से मवेशियों को हटाने की हिदायत, पुनर्वास भी करना होगा

**नर्मदा पुरम , दोपहर मेट्रो**

कमिश्नर कृष्णगोपाल तिवारी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से नर्मदापुरम संभाग के हरदा बैतूल एवं नर्मदापुरम जिले के कलेक्टर को निर्देश दिए कि वह अपने-अपने जिले में सड़कों पर विचरण करने वाले एवं सड़कों पर बैठने वाले निराश्रित पशुओं से होने वाली समस्याओं का समुचित निदान करें। निराश्रित पशुओं के पुनर्वास के लिए उन्हें नजदीक के गौशालाओं में स्थानांतरित किया जाए। कमिश्नर ने कहा कि नर्मदापुरम के बाबई एवं हरदा जिले के टिमरनी क्षेत्र में निराश्रित पशुओं के विचरण करने की एवं सड़कों पर बैठने की समस्याएं लगातार दिखाई दे रही है। उक्त समस्याओं का प्राथमिकता से निदान करें। कमिश्नर ने सभी कलेक्टर को निर्देश दिए कि वह बारिश के दौरान लगातार अपने



प्रशासनिक अमले को अलर्ट मोड पर रखें। नर्मदापुरम एवं हरदा में नर्मदा नदी एवं बैतूल में सापना जलाशय से बाढ़ की संभावना बन सकती है। इसको देखते हुए सभी बचाव के आवश्यक उपाय अभी से सुनिश्चित किए जाएं। कमिश्नर ने निर्देश दिए कि लगातार बारिश के दौरान यदि कहीं कोई दुर्घटना घट जाती है तो पीड़ित को तत्काल राहत राशि देना भी सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने बारिश के दौरान डेंगू एवं मलेरिया जैसी बीमारी की रोकथाम के लिए भी सभी आवश्यक दवाइयां एवं उपकरण उपलब्ध रखने के निर्देश दिए। कमिश्नर ने कहा कि बारिश के दौरान कोई जनहानि ना हो इसके लिए नर्मदा नदी के किनारे रहने वाले लोगों को लगातार जागरूक किया जाए सभी ओवरफ्लो पूल पुलियों, रपटों पर संकेतक बोर्ड लगाए जाएं। वहां बैरिकेडिंग की जाए और चौकीदार की व्यवस्था भी की जाए। होमगार्ड की टीम पूरे समय सतर्क रहकर स्थिति पर नजर रखें। कमिश्नर ने निर्देश दिए की चिन्हित सभी जर्जर भवनों को डिस्मेंटल करने की कार्रवाई भी की जाए।

कमिश्नर ने नर्मदापुरम कलेक्टर सोनिया मीना को निर्देश दिए कि वह हिल स्टेशन पचमढ़ी में लगातार बढ़ रहे ट्रैफिक पर प्रभावी नियंत्रण के लिए कार्य योजना बनाएं। कमिश्नर ने कहा कि पचमढ़ी बस स्टैंड एवं पचमढ़ी के मार्गों पर लगातार वाहनों का जाम दिखाई दे रहा है। उन्होंने इन सब के लिए प्रभावी निराकरण करने के निर्देश दिए। महादेव मंदिर जाने वाली सड़क की मरम्मत करने के भी निर्देश दिए। कमिश्नर ने ई ऑफिस सिस्टम के बेहतर क्रियान्वयन के लिए संभाग एवं जिला स्तर पर एनआईसी के किसी टेक्निकल व्यक्ति को नामांकित करने,हरदा बैतूल एवं नर्मदापुरम जिले में हर घर नल कनेक्शन में अपेक्षित प्रगति दिखाने को भी कहा। तिवारी ने आगामी सप्ताह में नागद्वारी एवं अन्य पर्व एवं त्योहार के मद्देनजर कानून एवं व्यवस्था की स्थिति चाक चौबंद रखने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्देश दिए की किसानों को उर्वरक की कोई कमी ना हो और खाद वितरण भी व्यवस्थित रूप से किया जाए।

## चित्रांश मिलन समारोह में कायस्थ समिति का किया गया सम्मान



**गंजबासौदा, दोपहर मेट्रो**

अखिल भारतीय कायस्थ महापरिषद के तत्वाधान में महापरिषद के भोपाल संभाग अध्यक्ष एडवोकेट राजेश सक्सेना के निज निवास डीवी सिटी में चित्रांश मिलन समारोह का आयोजन सम्पन्न हुआ। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश अध्यक्ष विनोद सक्सेना के साथ प्रदेश कार्यकारिणी के सदस्य भी शामिल हुए। कार्यक्रम का शुभारंभ सर्वप्रथम भगवान श्री चित्रगुप्त जी के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं माल्यार्पण कर किया गया।

समारोह में विभिन्न जिलों से आए अतिथियों का स्वागत और सम्मान स्थानीय कायस्थ जनों द्वारा पुष्प हार एवं साफा बांधकर किया गया। कार्यक्रम के दौरान प्रदेश अध्यक्ष विनोद सक्सेना ने कायस्थ समाज में उत्कृष्ट कार्य एवं समाज की गतिविधियों में अग्रणीय रहने पर नगर की कायस्थ विकास कल्याण समिति के अध्यक्ष महेशनारायण श्रीवास्तव, कोषाध्यक्ष कैलाश नारायण श्रीवास्तव, सचिव शिवनारायण सक्सेना सहित अन्य कार्यकारिणी सदस्यों का सम्मान किया। वहीं समिति द्वारा किए गए समाज हित के कार्यों की प्रशंसा भी की। भोपाल संभाग अध्यक्ष राजेश सक्सेना ने कायस्थ विकास कल्याण समिति द्वारा विगत के वर्षों से किए गए सामाजिक हित के कार्यों की विस्तृत जानकारी आमंत्रित अतिथियों को देते हुए कहा कि नगर में कायस्थ विकास कल्याण समिति पिछले कई वर्षों से बेहतर कार्य कर रही है जहां समाज के आराध्य देव भगवान श्री चित्रगुप्त जी का मंदिर और धर्मशाला का निर्माण किया गया है। जिसमें नगर के समस्त कायस्थ परिवारों का सहयोग रहा है। इस अवसर पर कार्यक्रम स्थल पर बेलपत्र के पौधे का रोपण भी किया गया। कार्यक्रम पश्चात महापरिषद के पदाधिकारियों ने देवनगरी बेहलोट स्थित श्री चित्रगुप्त मंदिर पहुंचकर, भगवान चित्रगुप्त जी की पूजा अर्चना कर दर्शन किए एवं निर्माणाधीन धर्मशाला का अवलोकन किया।

### चित्रगुप्त घाट पर श्रमदान कर की साफ-सफाई, स्वच्छता का दिया संदेश

# अखिल भारतीय कायस्थ समाज मातृशक्ति ने बारिश में चलाया स्वच्छता अभियान, पौधरोपण

**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो**

शहर में स्थानीय चित्रगुप्त घाट पर अखिल भारतीय कायस्थ समाज मातृशक्ति द्वारा स्वच्छता अभियान भारी बारिश में भी चलाया गया। घाट के किनारे कचरा गंदगी को साफ किया। कचरे को एक डस्टबिन में डाला गया। इस अवसर पर इस अभियान में शामिल हुए सेवा निवृत सेंट्रल बैंक के अधिकारी विजय वर्मा ने कहा कि कायस्थ समाज द्वारा रविवार को साफ सफाई घाटों पर की जाती है । मां नर्मदा के किनारे कचरे को साफ किया जाता है । नर्मदा किनारे साफ सफाई करना समाज का एक अनुकरणीय कार्य है । नर्मदा नदी को प्रदूषण से बचाना नदी के आसपास घाट को साफ रखना और लोगों को स्वच्छता के महत्व को समझना समाज की अच्छी पहल है। विजय वर्मा ने कहा कि नर्मदा नदी



को स्वच्छ रखने के लिए और लोगों को जागरूक करना चाहिए। नदी में प्रदूषण फैलाने से रोकना है और स्वच्छता अभियान चलाना जरूरी है। नियमित हर रविवार को सफाई अभियान चलाया जा रहा है । लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया जा रहा है। कचरा संग्रह और दान की उचित व्यवस्था करना और लोगों को कचरा सही जगह पर फेंकने के लिए प्रोत्साहित करना जैसे कार्य किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि नर्मदा के किनारे स्वच्छता का काम करना एक अनुकरणीय पहल है। नर्मदा को स्वच्छ करना एक सामूहिक प्रयास है इसमें सभी को मिलकर काम करना होगा। ऐसी पहल पर्यावरणीय संतुलन सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है । नर्मदा का आर्थिक सामाजिक कोर्ट आध्यात्मिक महत्व भी अतुलनीय है और हमारी संस्कृति का एक अभिन्न अंग भी मां नर्मदा हम सबकी जीवन दायिनी है हम सब का कर्तव्य है मां नर्मदा के इस स्वच्छता अभियान में आगे बढ़कर सब सहयोग करें ।

### आंवला जामुन के पौधे रोपे

समाज ने टेलीफोन एक्सचेंज बने पार्क में वृक्षारोपण भी किया गया । इस दौरान सिंदूर, आंवला , जामुन, नीम के पौधे लगाए गए। इस अवसर विजय वर्मा ने कहा कि अखिल भारतीय के समाज का यह वृक्षारोपण एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत किया जा रहा है। यह केवल पर्यावरण व मानव जीवन के लिए भी आवश्यक है । पेड़ लगाने का सबसे अच्छा समय अभी है। सचमुच में पेड़ हमारे जीवन रेखा है और उसके बिना हमारी दुनिया अधूरी है ।

### जिला पंचायत सभा कक्ष में हुई कार्यों से संबंधित समीक्षा बैठक

# आमजन को योजनाओं के लाभ दिलाने के सरल तरीके बताए

**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो**

मुख्य कार्यपालन अधिकारी सौजान सिंह रावत के मार्गदर्शन में समस्त जनपदों की समीक्षा बैठक हुई। बैठक में एजेंडा बिन्दु सीएम हेल्प लाइन के निराकरण, जनपद पंचायत की ग्राम पंचायतों में सचिवों के अतिरिक्त प्रभार की नाम सहित ग्राम पंचायत वार जानकारी की समीक्षा रहे। इसके अलावा जनपद की ग्राम पंचायतों में पदस्थ सचिवों की नाम, वर्गवार ग्राम पंचायत वार जानकारी, जनपद स्तर पर आरजीएसए अंतर्गत पदस्थ अम्ले को आवंटित कार्यों की समीक्षा एवं आरजीएसए अंतर्गत स्वीकृत 05 पंचायत भवनों (2020-21-22) का उपयोगिता प्रमाण पत्र, जनपद पंचायत अंतर्गत निलम्बित ग्राम पंचायत सचिवों के निलम्बन की



कारण सहित समीक्षा भी शामिल थीं। विधान सभा प्रश्नों के जवाब की स्थिति एवं अन्य आवश्यक बिन्दु, स्थानांतरण पश्चात ग्राम पंचायत सचिवों के द्वारा पदस्थी पंचायत में कार्यभार ग्रहण करने की स्थिति, ई-ग्रामस्वराज पोर्टल पर जीपीडीपी एवं बीपीडीपी, 15 वां वित्त अंतर्गत वर्षवार कार्यों की समीक्षा, (पंचायत लर्निंग सेन्टर) की स्थिति।सीएम हेल्पलाइन, राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान, वित्त एवं अन्य बिंदुओं पर भी समीक्षा की गई। जिसमें प्रमुख रूप से जिला परियोजना अधिकारी शैलेश ऊके द्वारा सभी ब्लाक समन्वय, डाटा एंट्री ऑपरेटर, बी पी ओ एवं अन्य योजना प्रभारियों से उनसे संबंधित कार्यों का जाना साथ ही कार्यों को सरलता से करने के टिप्स दिए गए औरजमीनी स्तर पर आमजन को योजनाओं का लाभ दिलाने के सरल तरीके बताए गए।

**मेट्रो एंकर**

### ऐसे प्रयास किए जाएं जिससे गंजबासौदा को वासुदेव नगर के रूप में पहचान मिले

# जो समय आपके पास है, उसको कभी व्यर्थ न जाने दें : जगदगुरु डॉ. वेदांती

**गंजबासौदा, दोपहर मेट्रो**

आध्यात्मिक और धार्मिक ऊर्जा से भरा यह शहर प्राचीनकाल से ही समृद्धशाली होने के साथ-साथ सिद्ध संतों की तपस्वी स्थल रहा है। दस्तावेजों में इसके प्रमाण हैं। हजारों वर्ष पहले राजा भोज के भतीजे राजा उदयादित्य ने शहर के पास ही उदयपुर नगर बसाते हुए प्रसिद्ध नीलकंठेश्वर मंदिर का निर्माण कराया। क्षेत्र में आसपास फैली प्राचीन पुरा संपदा इसकी धार्मिकता का प्रमाण देती हैं। गंजबासौदा को पहले वासुदेव नगर के नाम से ही जाना जाता था लेकिन किन्हीं कारणों से इसे गंज बासौदा के रूप में पहचान मिली लेकिन अब समय आ गया है उसकी खोई हुई पहचान फिर से वासुदेव नगर के रूप में मिले। मध्यप्रदेश में भी में कई शहरों के नाम बदले गए हैं इसलिए गंजबासौदा का नाम भी बदलना चाहिए। इसके लिए वह किसी भी मंच पर अपनी बात रखने को तैयार हैं। उचित मंच पर यहां के जिम्मेदार नागरिकों, बुद्धिजीवी वर्ग को अपनी बात रखते हुए गंजबासौदा का नाम वासुदेव नगर रखने के लिए संयुक्त प्रयास करने चाहिए। यह बात जीवाजीपुर स्थित बाबा जगन्नाथदास संस्कृत विद्यालय वेदांत आश्रम में पत्रकारों के सवालों का जवाब देते हुए रामानंदाचार्य संप्रदाय के जगदगुरु डॉ राम कमलाचार्य वेदांती महाराज ने कही। जगद्गुरु डॉ वेदांती जी महाराज तीन दिवसीय गुरु पूर्णिमा महोत्सव के समापन मौके पर वेदांत आश्रम में आयोजित पत्रकार वार्ता को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि तीर्थराज प्रयागराज में संपन्न हुए महाकुंभ में देश के धर्माचार्यों,पीठाधीश्वरों, विभिन्न संप्रदाय के अखाड़ों ने उन्हें सनातन धर्म में रामानंद संप्रदाय की प्रमुख पीठ के जगद्गुरु की पदवी प्रदान की। इसका सारा श्रेय वह गंज बासौदा की तपोभूमि को देते हैं इस भूमि का ही प्रताप है कि इस पद के लिए उनका चयन हुआ। बाल्यावस्था में उन्हें तपस्वी सिद्ध संत बाबा जगन्नाथ दास जी के सानिध्य में रहने का सौभाग्य मिला और उनकी इच्छा के अनुसार नगर में संस्कृत विद्यालय की स्थापना की। उनके द्वारा बताए गए मार्ग पर आज आश्रम चलने का प्रयास कर रहा है। आश्रम से शिक्षित विद्यार्थी आज विभिन्न क्षेत्रों में पहचान कायम कर नगर का नाम रोशन कर रहे हैं। पत्रकार वार्ता के पश्चात डॉ. वेदांती महाराज ने गुरु पूर्णिमा महोत्सव के समापन मौके पर प्रवचन श्रृंखला में कहा कि ये जो आपको जीवन मिला, शरीर मिला है सम्पूर्ण तन-मन से ईश्वर की भक्ति करने में, ईश्वर को प्राप्त करने में लगा देना चाहिये। इस जीवन को और जो समय है आपके पास उसको कभी व्यर्थ मत जाने दो। आप सबके गुरु बहुत सारे होते हैं सिर्फ वही नहीं जिनसे आप दीक्षा लेते हैं। लेकिन साथ में आपके और भी गुरु होते, पृथ्वी, वृक्ष, आकाश, वायु, अग्नि, जल, आदि यह सब भी आपके गुरु ही हैं।



### नौलखी आश्रम पहुंचे जगतगुरु , जगन्नाथ महाप्रभु के किए दर्शन

जगद्गुरु डॉ राम कमलाचार्य जी वेदांती जी महाराज सोमवार को अपने गुरु स्थान वेत्रवती घाट स्थित नौलखी आश्रम पहुंचे जहां उन्होंने भगवान जगन्नाथ महाप्रभु और भगवान सीताराम जी के नवीन विग्रहों के दर्शन कर उनका पूजन कर भगवान के नवीन विग्रह को अद्वितीय बताया। आश्रम के जीर्णोद्धार पर भी उन्होंने प्रसन्नता जाहिर की। करीब एक घंटे तक जगतगुरु डॉ वेदांती जी आश्रम में रुके रहे और पुरानी यादों में खो गए। उन्होंने विजय हनुमान मंदिर पहुंचकर भी हनुमान जी महाराज का दर्शन और पूजन किया। इस मौके पर नौलखी के महंत राम मनोहर दास जी महाराज ने उनका स्वागत अभिनंदन किया।

### मेडिसिन अपडेट निमाड़ -2025

## चिकित्सकों के लिए व्यवहारिक ज्ञान का माध्यम बना व्याख्यान कार्यक्रम

**खंडवा , दोपहर मेट्रो**

'मेडिसिन अपडेट निमाड़ 2025' चिकित्सा क्षेत्र के लिए एक ऐतिहासिक एवं सफल आयोजन सिद्ध हुआ। यह पहली बार था जब निमाड़ क्षेत्र में 15 से अधिक सुपरस्पेशलिस्ट डॉक्टर एक मंच पर एकत्रित हुए और उन्होंने चिकित्सा विज्ञान के नवीनतम अनुसंधानों, तकनीकों एवं उपचार पद्धतियों पर अपने व्याख्यान प्रस्तुत किए। समाजसेवी सुनील जैन ने बताया कि सिहाडा रोड स्थित होटल राज रेसिडेंसी में डॉक्टरों की आयोजित संगोष्ठी में प्रमुख वक्ताओं में डॉ. राजीव गुप्ता (कार्डियोलॉजिस्ट, भोपाल), डॉ. ए. के. पंचोलिया, डॉ. संदीप जुलका, डॉ. बी. के. सेठिया, डॉ. उमेश मसंद, डॉ. राजेश अग्रवाल (वरिष्ठ फिजीशियन), डॉ. रोशन राव (कार्डियोलॉजिस्ट), डॉ. अजय जैन (गैस्ट्रोएंट्रोलॉजिस्ट), डॉ. मयूर अग्रवाल (एंडोक्रिनोलॉजिस्ट), डॉ. सूरज वर्मा, डॉ. अभिजीत खंडेलवाल (पल्मनोलॉजिस्ट), डॉ. वरुण कटारिया (न्यूरोलॉजिस्ट) और डॉ. अर्पित नीमा (नेफ्रोलॉजिस्ट) जैसे विशेषज्ञों ने भाग लिया। सम्मेलन की अध्यक्षता डॉ. संजय श्रीवास्तव ने की, जबकि आयोजन सचिव के रूप में डॉ. आशीष मंडलोई और डॉ. पंकज जैन ने आयोजन की कमान संभाली। वैज्ञानिक सचिव की भूमिका डॉ. रंजीत बडोले, डॉ. मोहित गर्ग एवं डॉ. भूपेंद्र सिंह चौहान ने निभाई। सम्मेलन में खंडवा के डॉक्टर पी. एस. दवे एवं बुरहानपुर के डॉ. रमेश कापड़िया को लाइफटाइम अचीवमेंट पुरस्कार प्रदान किया गया ! निमाड़ क्षेत्र के अनुभवी चिकित्सक जो समाज सेवा में भी अग्रणी है रहे हैं, ऐसे बुरहानपुर के डॉ. मूंदड़ा, खंडवा के डॉ एस एल गुप्ता खरगोन के डॉ रमेश नीमा बड़वाह के डॉ. ओ पी टैगर सनावद के डॉ सुरेश रांका एवं खंडवा के ही डॉ शक्ति सिंह राठौड़ को कम्युनिटी सर्विस अवार्ड से सम्मानित किया गया। सुनील जैन ने बताया कि इस सम्मेलन में निमाड़ क्षेत्र से लगभग 150 चिकित्सकों ने सक्रिय सहभागिता की, जिनमें शासकीय एवं निजी क्षेत्र के डॉक्टरों की भागीदारी उल्लेखनीय रही। विभिन्न सत्रों में अद्यतन चिकित्सा विषयों पर विस्तृत चर्चाएं हुई, जिससे प्रतिभागी चिकित्सकों को अपने नैदानिक कौशल को और अधिक सुदृढ़ करने का अवसर प्राप्त हुआ। डॉ. संजय श्रीवास्तव ने कहा कि यह सम्मेलन निमाड़ क्षेत्र के चिकित्सकों के लिए आधुनिक चिकित्सा ज्ञान को आत्मसात करने का एक सशक्त माध्यम बना है। उन्होंने इसे क्षेत्र के चिकित्सा इतिहास में एक मील का पत्थर बताते हुए भविष्य में ऐसे आयोजनों की निरंतरता बनाए रखने की आवश्यकता पर बल दिया। मेडिसिन अपडेट निमाड़ 2025 के आयोजन सचिव के रूप में डॉ. आशीष मंडलोई एवं डॉ पंकज जैन ने बताया कि इस सम्मेलन ने शहरी चिकित्सा विशेषज्ञों और निमाड़ क्षेत्र के चिकित्सकों को एक मंच पर लाकर निमाड़ के डॉक्टरों को प्रदेश भर के विशेषज्ञों से जोड़ने का कार्य किया, और आयोजन को एक सशक्त शैक्षणिक आंदोलन का स्वरूप दिया।

माना जा रहा है कि यहां सम्मेलन केवल व्याख्यान न होकर, चिकित्सकों के लिए व्यावहारिक ज्ञान और अपडेट्स का जीवंत अनुभव बना।

### नगर परिषद के अधिकारियों द्वारा नहीं दिया जा ध्यान

# तेंदूखेड़ा में बढ़ते हादसे, खुली नाली में गिरकर घायल हो रहे हैं राहगीर

**तेंदूखेड़ा दोपहर मेट्रो**

नगर परिषद की घोर लापरवाही ने तेंदूखेड़ा की सड़कों को हादसों का गढ़ बना दिया है। पिछले एक पखवाड़े से खकरिया और जनपद की ओर जाने वाली प्रमुख सड़क पर नाली खुली छोड़ दी गई है, जिसके कारण मोटरसाइकिल सवार आए दिन दुर्घटनाओं का शिकार हो रहे हैं। सोमवार सुबह एक और हादसे में एक मोटरसाइकिल खुली नाली में जा गिरी, गनीमत रही चालक बाल बाल बच गया , स्थानीय लोगों के अनुसार, यह पहली घटना नहीं है। पिछले कुछ हफ्तों में कई मोटरसाइकिल सवार इसी नाली के कारण हताहत हुए हैं, लेकिन नगर परिषद ने इस ओर कोई ध्यान नहीं दिया। खुली नाली में पड़ी मोटर साइकल और और पूर्व में नाली का गंदा पानी रोड पर बहता साफ देखा जा सकता है, जो नगर परिषद की घोर लापरवाही को बेनकाब करता है। नगर परिषद के अधिकारियों से संपर्क करने पर जवाब भी टालमटोल वाला मिलता है । शिकायत के बाद भी नगर परिषद के आलाधिकारी कोई कार्रवाई नहीं करते। यह चुप्पी इस बात का प्रमाण है कि वे अपनी जिम्मेदारियों से भाग रहे हैं और जनता की जान से खिलवाड़ कर रहे हैं स्थानीय लोगों का आरोप है कि अधिकारी रिश्वतखोरी और भ्रष्टाचार में लिप्त हैं, जिसके चलते बुनियादी सुविधाओं की अनदेखी हो रही है।





#### बदबू और गंदगी से दुकानदार परेशान

दुकानों के सामने पड़े कचरे के ढेर से निकलने वाली तेज बदबू से ग्राहक दुकानों से दूर भाग रहे हैं। स्थानीय दुकानदार जितेंद्र लोधी, ने बताया पिछले एक हफ्ते से कचरा जमा है। सड़ते हुए कचरे से बदबू इतनी तेज है कि ग्राहक अंदर तक आने से कतराते हैं। हमारा रोजगार चौपट हो रहा है

दुकानदार विनोद विश्वकर्मा ने बताया कीचड़ और कूड़े के ढेर के कारण गंदगी से हम लोगों को भारी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है लेकिन नगर परिषद को कोई फर्क नहीं पड़ता।

#### पूरे शहर को दिखता है कचरे का ढेर, परिषद वालों को नहीं

दुकानों के सामने पड़े कचरे के ढेर, सड़ते फल-सब्जियां और प्लास्टिक के कचरे का अंबार साफ दिखाई दे रहा है। गंदगी के कारण मार्केट में चलना मुश्किल हो गया है, और बारिश के मौसम में यह स्थिति और भयावह हो जाती है। दुकानदारों ने बताया कि कचरे से निकलने वाला गंदा पानी रास्ते में फैल रहा है, जिससे पैदल चलने वालों को भी परेशानी हो रही है।और इसी वजह से ग्राहक नहीं आते जिससे हम लोगों का धंधा भी ठप हो रहा है । स्थानीय लोगों का आरोप है कि नगर में जगह-जगह फैली गंदगी देखकर लगता है मानो नगर परिषद ने कचरा उठाने की व्यवस्था पूरी तरह से ठप कर दी है। ऐसा लगता है कि वे जानबूझकर हमारी परेशानी को नजरअंदाज कर रहे हैं।

#### जिम्मेदारियों से पल्ला झाड़ते अधिकारी

मार्केट में लगे कचरे के ढेर और गंदगी से लगे अंबार की ओर जब आलाधिकारियों का ध्यान आकर्षण कराना चाहा तो नगर परिषद उपयंत्री भूपेंद्र सिंह ने उल्टा दुकानदारों को ही नोटिस देखकर समझाइश देने की बात कही जाने लगी उन्होंने कहा दुकानदारों को नोटिस देकर समझाइश दी जाएगी कि दुकान का कचरा कचरा गाड़ी में फेंकें खाली जगह पर कचरा ना फैलाएं और जो कचरे का ढेर लगा हुआ है कल उसको उठवाता हूँ

### गुरु पूजन एवं दीदी मां साध्वी ऋतम्भराजी का नागरिक अभिनंदन

# जब रचनात्मक विचार व्यवहार में बदलते हैं तो ही परिवर्तन आता है

**खंडवा, दोपहर मेट्रो**

तीर्थ नगरी ओमकारेश्वर ग्राम कोठी में राष्ट्रपति द्वारा पद्म भूषण से विभूषित वात्सल्य मूर्ति परम पूज्य दीदी मां साध्वी ऋतंभरा जी का गुरु पूजन महोत्सव के अंतर्गत नागरिक अभिनंदन समारोह आयोजित हुआ। विधि विधान के साथ दीदी मां का नागरिक अभिनंदन श्रद्धालुओं द्वारा किया गया। समाजसेवी सुनील जैन ने बताया कि परमशक्ति पीठ, ग्राम-कोठी, ओंकारेश्वर के आयोजकत्व में गुरु पूजन महोत्सव एवं पूज्या दीदी माँ साध्वी ऋतम्भरा का नागरिक अभिनंदन महोत्सव मनाया गया ।

उल्लेखनीय है कि 27 मई को राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु द्वारा सामाजिक सेवा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान हेतु पूज्य दीदी माँ साध्वी ऋतम्भराजी को पद्म भूषण नागरिक सम्मान से अलंकृत किया गया है। इस उपलब्धि के लिए परम शक्तिपीठ वात्सल्य ग्राम के संयोजन में गुरु पूजन के साथ दीदी मां का नागरिक अभिनंदन महोत्सव संपन्न हुआ। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने दर्शन कर उनका स्वागत अभिनंदन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। वात्सल्य ग्राम की संचालिका साक्षी चेतन दीदी ने बताया कि गुरु पूजन कार्यक्रम 13 जुलाई रविवार को जयसवाल समाज ट्रस्ट के कोठी स्थित अतिथि भवन संपन्न हुआ जहां जहां वात्सल्य सेवा समिति द्वारा दीदी मां को पगड़ी और विशालकाय पुष्पमाला पहनाकर कर अभिनंदन किया गया। समाजसेवी सुनील जैन ने बताया कि गुरु पूजन एवं नागरिक अभिनंदन समारोह में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के साथ जन प्रतिनिधि भी उपस्थित हुए। खंडवा विधायक कंचन मुकेश तनवे ने भी दीदी मां ऋतम्भरा जी के दर्शन भेंटकर अभिनंदन कर आशीर्वाद प्राप्त किया एवं अभिनंदन महोत्सव में भी शामिल हुई। कार्यक्रम में प्रवचन के माध्यम से उद्बोधन देते हुए दीदी मां ने गुरु की महिमा पर प्रकाश डालते हुए अत्यंत प्रभावी उद्बोधन दिया। दीदी मां ने कहा कि किसी साधक को सतगुरु का मिलना अत्यंत सौभाग्य की बात है। गुरु अनुशासन की छेनी से शिष्य को गढ़ता है। दीदी मां ने कहा कि जब रचनात्मक विचार व्यवहार में बदलते हैं तो परिवर्तन आता है। हमें प्रत्येक भारतवासी के चेहरे पर मुस्कान लाने के लिए समर्पण एवं निष्ठा के साथ प्रयास करना होंगे। दीदी मां ने भक्तों के समक्ष अपने गुरु परमानंद जी महाराज की कृपा और रामजन्म भूमि आंदोलन से जुड़े संस्मरण साझा किए। दीदी मां ने बताया कि उन्होंने 16 वर्ष की आयु में बिना किसी को बताए घर छोड़ा था। मन में वैराग्य का भाव लिए मैं बस में बैठ गई और रुड़की होते हुए हरिद्वार पहुंची। तत्पश्चात अमृतसर के एक आश्रम में सत्संग के दौरान मुझे अपने महान गुरु का साक्षात्कार हुआ। आश्रम में अनेक दैदीप्यमान महापुरुष मौजूद थे। उनके बीच मेरे गुरुदेव बैठे थे। मैंने देखते ही गुरुदेव के चरणों में माथा टेका और फिर उनके चरणों से मेरा माथा नहीं उठा। गुरुदेव ने मेरे माथे को स्पर्श किया और मैं भावसमाधि के ध्यान की गहराइयों में उतर गई। गुरुदेव ने मुझे संन्यास की दीक्षा दी और ऋतंभरा नाम दिया। गुरुदेव के रूप में ईश्वर मुझे मिले। दीदी मां ने रामजन्म भूमि आंदोलन के दौरान कारसेवकों पर अत्याचारों की बातें बताई और मंदिर निर्माण में कारसेवकों के बलिदान का भावपूर्ण स्मरण किया। उन्होंने उपस्थित भक्तों से ऊंच- नीच,भेदभाव से ऊपर उठने तथा देश सेवा का वचन मांगा। उन्होंने महिलाओं और बालिकाओं को मर्यादा और माता पिता का सम्मान करने की प्रेरणा दी।




## मांस की दुकानों को निर्धारित स्थान पर संचालित कराने की मांग, विहिप-बजरंग दल ने दिया ज्ञापन

**तेंदूखेड़ा , दोपहर मेट्रो**

सोमवार को नगर एवं आसपास के ग्रामों में मांस की दुकानों को निर्धारित स्थान पर संचालित कराए जाने की संबंध में एक ज्ञापन विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल के द्वारा एसडीएम के नाम तहसीलदार विवेक व्यास को दिया गया। जिसमें उल्लेख किया गया है कि नगर तेन्दूखेड़ा में मीट-मछली विक्रय हेतु नगर परिषद् द्वारा पृथक से मार्केट आबंटित किया गया है, किन्तु नगर में विभिन्न स्थानों पर मीट एवं मछली का विक्रय किया जा रहा है, जिससे नगर में निवासरत् विभिन्न वर्ग के लोगों को आते-जाते असुविधा होती है तथा उनकी धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचती है।

इसलिए नगर में विभिन्न स्थानों पर संचालित उक्त मीट-मछली की दुकानों को मीट मार्केट में संचालित कराये जाने का अनुरोध किया गया है। इसके अलावा तेन्दूखेड़ा क्षेत्र के बड़े बड़े ग्राम तेजगढ़, तारादेही, सैलवाड़ा, झलौन इत्यादि ग्रामों में भी ग्राम बस्ती के अंदर ही मीट की दुकानों का संचालन का जिक्र करते हुए कहा गया कि ग्राम/नगर के बाहर लगभग एक कि.मी. दूर उक्त दुकानों का संचालन किया जाना चाहिए।

अतः विश्व हिन्दू परिषद बजरंगदल प्रखण्ड तेन्दूखेड़ा, जिला दमोह ने कहा कि तेन्दूखेड़ा के विभिन्न अलग अलग स्थानों पर संचालित मीट-मटन की दुकानों को मीट मार्केट में संचालित कराया जाए। ग्राम/कस्बों में संचालित उक्त दुकानों को भी ग्राम से बाहर संचालित कराएं इस दौरान विश्व हिंदू परिषद के प्रखंड अध्यक्ष भूपेंद्र सोनी एवं बजरंग दल के संयोजक तेजी सिंह लोधी सहित दोनों प्रखंडों के कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



## मानव सेवा संस्था द्वारा शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए जरूरतमंद बच्चों को किया गया कॉपियों का वितरण

**बुरहानपुर।** मानव सेवा संस्था बुरहानपुर द्वारा प्रतापपुरा स्थित तारवाला उ.मा. कन्या शाला बुरहानपुर में 25 जरूरत मंद बालिकाओं को कॉपियों का वितरण किया गया। मानव सेवा संस्था की संस्थापक अध्यक्ष उषा अग्रवाल ने युवा पीढ़ी को संबोधित करते हुए कहा कि जीवन में शिक्षा का क्या महत्व है यह इन्सान तभी समझ पाता है जब वह शिक्षा ग्रहण कर अपने परिवार का पालन पोषण कर पाता है क्योंकि शिक्षा ही इन्सान को संस्कार ,व्यवहार ,आचार का मार्ग प्रशस्त करती है व् सिखाती है इसलिए समाज को ऊंचा उठाने में शिक्षा का बहुत बड़ा योगदान है देश शिक्षित होगा तो हमारा देश प्रगति की ओर अग्रसर होगा और यही वर्तमान की सबसे बड़ी शिक्षा है कि बेटा हो या बेटी सभी को पढाना आज के इस युग की आवश्यकता है। इस अवसर पर संस्था सदस्य सर्व मंसूर सेवक , नंदकिशोर वाने , अभय बलापुरकर ,धर्मेन्द्र सोनी , देवचंद शर्मा के साथ साथ स्कूल प्राचार्य व शाला स्टाफ एवं बड़ी संख्या में बालिकाएं उपस्थित थीं उपरोक्त जानकारी संस्था अध्यक्ष उषा अग्रवाल द्वारा दी गई।

**मेट्रो एंकर**

### श्रद्धालुओं ने घर घर में बनाए मिट्टी के शिवलिंग, पूजा अर्चना कर किया गया नदी में हुआ विसर्जन

# भोलेनाथ का अभिषेक कर मांगा सुख-समृद्धि और अखंड सौभाग्य का आशीर्वाद

**तेंदूखेड़ा , दोपहर मेट्रो**


सावन के पहले सोमवार को सुहागिन महिलायें भगवान भोलेनाथ को प्रसन्न करने के लिए सोलह श्रृंगार करके मंदिर पहुंची थीं। वहीं युवतियां भी नये वस्त्र धारण किये हुए थीं। हरी-पीली साड़ियों में लिपटी महिलायें पूरे विधि-विधान से भगवान भोलेनाथ व माता पार्वती को रिझाने में जुटी हुई थीं। हर-हर महादेव के जयकारों के साथ भोलेनाथ का अभिषेक किया गया। इससे मंदिर प्रांगण का वातावरण भक्तिमय होने के साथ ही हराभरा दिखाई दे रहा था। माना जाता है कि सोमवार का व्रत रखने से घर में सुख-समृद्धि आती है। कहा जाता है कि जो भी इस व्रत को करता है, उसकी सभी मनोकामनाएं पूरी होती हैं। इसके साथ ही जीवन में आने वाली सभी परेशानियों से भी मुक्ति मिलती है। वैवाहित महिलायें अखंड सौभाग्य की कामना से व्रत रखती हैं तो युवतियां मनचाहे वर प्राप्ति के लिए भगवान भोलेनाथ व माता पार्वती को प्रसन्न करने के लिए व्रत रखकर पूजा-अर्चना करती हैं।





यह सावन का महीना खास है। दुर्लभ संयोग बन रहे हैं इसलिए हमने सभी सोमवार का व्रत रखने की तैयारी कर ली है। प्रत्येक सोमवार को शिव मंदिर जाकर पूजा-अर्चना करनी है। पहले सोमवार के दिन भगवान भोलेनाथ का अभिषेक किया उनसे अखंड सौभाग्य का आशीर्वाद लिया।

**मनीषा पटेल तेंदूखेड़ा**



मैं भोलेनाथ की पूजा अर्चना विशेष रूप से करती हूं जब सावन का महीना शुरू होता है तो उसमें व्रत के साथ पूजा करती हूं। सुबह जल्दी उठकर स्नान कर घर में बने शिवजी माता पार्वती के मंदिर में पूजा अर्चना कर उनसे परिवार की सुख-समृद्धि का आशीर्वाद भी मांगते हैं। साथ ही सावन मास में हरे रंग की साड़ियां पहनती हूं जबकि चूड़ियां भी हरे रंग की रहती हैं।

**जानवी रजक तेन्दूखेड़ा**



भगवान भोलेनाथ जल्दी प्रसन्न हो जाते हैं। जो भी सावन मास के सभी सोमवार का व्रत रखता है, उसकी सभी मनोकामनाएं पूरी हो जाती हैं, इसलिए मैं प्रत्येक साल के सावन मास के सोमवार का व्रत रखती हूं। भगवान शंकर, माता पार्वती की पूजा-अर्चना कर उनसे आशीर्वाद मांगती हूँ।

**माया मिश्रा तेन्दूखेड़ा**



पति की दीर्घायु और संतान प्राप्ति के लिए सावन में महिलाओं को भोलेनाथ का जल, पंचामृत आदि से अभिषेक करना शुभ फलदायी माना गया है। इस दौरान शिवजी की प्रिय चीजें धतूरा, भांग, भस्म उन्हें अर्पित करना चाहिए। इसके लिए पार्थिव मिट्टी के शिवलिंग शिवलिंग बनाकर पूजा करना श्रेष्ठ माना गया है। इससे शिवजी पूजा जल्द स्वीकार करते हैं

**पूनम दुबे तेन्दूखेड़ा**



सावन में शिव साधना के अलावा स्त्रियों को थोड़ा समय भोलेनाथ के भजन-कीर्तन भी करना चाहिए।

इससे घर में नकारात्मक ऊर्जा का नाश होता है और परिवार का संकट दूर होता है। हमें इससे शांति भी प्राप्त होती है।

**कल्पना रजकतेन्दूखेड़ा**

### लॉड्र्स में क्रिकेट जीत गया! फिल्मी कहानी से कम नहीं था भारत-इंग्लैंड टेस्ट

# सर जडेजा-बेन स्टोक्स की जंग याद रखी जाएगी

**लंदन, एजेंसी**

**लॉड्र्स के ऐतिहासिक मैदान पर खेला गया भारत-इंग्लैंड का टेस्ट मैच किसी फिल्म की कहानी जैसा था। इंग्लैंड ने भारत को 22 रनों से हराया, लेकिन जीत-हार से ज्यादा चर्चा में रहे दो शानदार ऑलराउंडर, बेन स्टोक्स और रवींद्र जडेजा।**

मैच की पहली पारी में दोनों टीमों ने बराबरी की टक्कर दी। दोनों टीमों की पहली पारी 387 रन पर खत्म हुई। लेकिन असली रोमांच दूसरी पारी में देखने को मिला। इस दूसरी पारी में शुरू हुआ जडेजा और स्टोक्स के बीच एक जबरदस्त मुकाबला। दोनों के बीच गेंद और बल्ले से शानदार टक्कर देखने को मिली।

इंग्लैंड के कप्तान स्टोक्स ने कप्तानी के साथ-साथ गेंदबाजी में भी कमाल किया। जब भी भारत थोड़ी पकड़ बनाता, स्टोक्स आकर कोई बड़ा विकेट निकाल लेते थे। उनके स्पेल्स में जुनून और जिम्मेदारी दोनों दिखी। स्टोक्स ने लगातार और लंबे स्पेल फेंके। स्टोक्स के आंकड़े पहली पारी में 44, 2/63 तो दूसरी पारी में 33 रन 3/48 रहे।

दूसरी ओर भारत के लिए रवींद्र जडेजा अकेले मोर्चा संभाले हुए थे। जहां एक तरफ से लगातार विकेट गिर रहे थे। जडेजा थमकर खेल रहे थे। उन्होंने धैर्य और हिम्मत से बल्लेबाजी की, और भारत को जीत की उम्मीद दिलाई। हर रन उनके संघर्ष की कहानी कह रहा था। जडेजा ने पहली पारी में 72 रन बनाए तो दूसरी पारी में 61 रन (181 गेंद) बनाकर टिके रहे। खास बात यह रही कि जडेजा ने जिस तरह बुमराह और सिराज के साथ साझेदारी निभाई, उसे याद रखा जाएगा।




#### मैच में नहीं हुई किसी की हार

आखिर में किसी एक को हारना ही था, लेकिन इस मैच में हार किसी की नहीं हुई, जीत हुई क्रिकेट की। उससे भी बड़ी जीत हुई टेस्ट क्रिकेट की। क्योंकि टी20 क्रिकेट के इस दौर में टेस्ट क्रिकेट भी इतना खूबसूरत हो सकता है, इस बात पर व?श्वास और कल्पना करना थोड़ा मुश्किल है। टेस्ट क्रिकेट की यही खूबी है। हर सेशन में नया मोड़, हर दिन एक नई कहानी। जडेजा और स्टोक्स ने वो कहानी लिखी जिसे क्रिकेट प्रेमी कभी नहीं भूलेंगे। कुल मिलाकर इस मैच ने फिर से साबित कर दिया, टेस्ट क्रिकेट का कोई मुकाबला नहीं। रोमांच, जज्बा और क्लास, सब कुछ इसमें है। टेस्ट क्रिकेट जिंदाबाद।

### अस्ट्रेलिया ने 176 रन से जीता जमैका टेस्ट मैच

# 27 रन पर ढेर हो गई वेस्टइंडीज की टीम, स्टॉर्क-बोलैंड ने बरपाया कहर

**जमैका, एजेंसी**

**ऑस्ट्रेलिया ने सोमवार को जमैका टेस्ट में वेस्टइंडीज को टेस्ट इतिहास के दूसरे सबसे कम स्कोर पर आउट करके फ्रैंक वॉरेल ट्रॉफी पर 3-0 से कब्जा कर लिया। सबीना पार्क में जीत के लिए 204 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए, वेस्टइंडीज की टीम 14।3 ओवर में सिर्फ 27 रन पर ढेर हो गई। मिशेल स्टार्क ने अपने करियर की सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी करते हुए 7।3 ओवर में 4 मेडन के साथ 9 रन देकर 6 विकेट झटके। यह 1955 के बाद से वेस्टइंडीज में किसी ऑस्ट्रेलियाई द्वारा किया गया सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। स्कॉट बोलैंड ने हैट्रिक ली।**

अपना 100वां टेस्ट खेल रहे स्टार्क ने पिंक ड्यूक्स बॉल से वेस्टइंडीज के शीर्ष क्रम को ध्वस्त कर दिया। उन्होंने टेस्ट क्रिकेट में 400 विकेट का आंकड़ा पार किया और खेल के सबसे लंबे प्रारूप में 16वीं बार पारी में 5 विकेट लेने का कारनामा किया। बाएं हाथ के इस तेज गेंदबाज को मैच का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया। उन्होंने ने वेस्टइंडीज की दूसरी पारी के अपने पहले ही ओवर में 3 विकेट चटका दिए और फिर सिर्फ 15 गेंदों में 5 विकेट झटके, जो टेस्ट मैचों में रिकार्ड है।




#### टेस्ट क्रिकेट में सबसे न्यूनतम स्कोर

26 – न्यूजीलैंड बनाम इंग्लैंड, 1955
27 – वेस्ट इंडीज बनाम वेस्टइंडीज, 2025
30 – दक्षिण अफ्रीका बनाम इंग्लैंड, 1896
30 – दक्षिण अफ्रीका बनाम इंग्लैंड, 1924
35 – दक्षिण अफ्रीका बनाम इंग्लैंड, 1899

#### टेस्ट में सबसे तेज पांच विकेट लेने का कारनामा

» 15 गेंदें - मिशेल स्टार्क (ऑस्ट्रेलिया) बनाम वेस्टइंडीज, 2025
» 19 गेंदें - एर्नी टोशाक (ऑस्ट्रेलिया) बनाम भारत, 1947
» 19 गेंदें - स्टुअर्ट ब्रॉड (इंग्लैंड) बनाम ऑस्ट्रेलिया, 2015
» 19 गेंदें - स्कॉट बोलैंड (एयूएस) बनाम इंग्लैंड, 2021

इस टेस्ट मैच में ऑस्ट्रेलिया ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया था। उसकी पहली पारी 225 रनों पर सिमट गई। जवाब में वेस्टइंडीज की टीम अपनी पहली पारी में सिर्फ 143 रन पर ढेर हो गई। ऑस्ट्रेलिया अपनी दूसरी पारी में 121 रन पर ऑल आउट हो गई और इस तरह वेस्टइंडीज के सामने जीत के लिए 204 रनों का लक्ष्य था। लेकिन उसकी बल्लेबाजी कंगारू गेंदबाजों के सामने ताश की पत्तों की तरह बिखर गई।

#### बोलैंड टेस्ट में हैट्रिक लेने वाले 10वें कंगारू खिलाड़ी

स्कॉट बोलैंड टेस्ट क्रिकेट में हैट्रिक लेने वाले 10वें ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाज बन गए। उन्होंने टी ब्रेक के बाद वेस्टइंडीज के निचले क्रम को ध्वस्त कर दिया, और लगातार गेंदों पर जस्टिन ग्रीव्स, शमर जोसेफ और जोमेल वार्रिकन को आउट किया। पोस्ट मैच प्रेजेंटेशन में ऑस्ट्रेलियाई कप्तान पैट कमिंस ने हंसते हुए कहा, %यह मैच पागलपन था। ऐसा लग रहा था कि फास्ट फॉरवर्ड में खेला जा रहा है।% स्टार्क को सीरीज का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया। उन्होंने पोस्ट मैच प्रेजेंटेशन में कहा, %हमने नहीं सोचा था कि आज यह इतनी जल्दी हो जाएगा।% वेस्टइंडीज की दूसरी पारी में उसके 7 खिलाड़ी खाता नहीं खोल सके, जो कैरेबियाई टीम के लिए एक अनचाहा टेस्ट रिकॉर्ड है। ऑस्ट्रेलिया ने यह मैच 176 रनों से जीता। वेस्टइंडीज के कप्तान रोस्टन चेज ने कहा, %यह बेहद निराशाजनक है। हम ऐसी स्थिति में थे जहां हमें लगा था कि हम मैच जीत सकते हैं, लेकिन हमारे बल्लेबाजों का प्रदर्शन बेहद खराब रहा। इस पूरी सीरीज में यह बार-बार होता रहा, इसलिए यह और भी निराशाजनक है।%

### लॉड्र्स में टेस्ट की जीत

# पिच पर जमे जडेजा देखते रहे... और अंग्रेज जीत गए

आलोक गोस्वामी

टीम इंडिया ओर इंग्लैंड के बीच लॉड्र्स के ऐतिहासिक मैदान पर टेस्ट क्रिकेट की रोमांचक जंग देखने को मिली। दोनों टीमों के बीच खेले गए सीरीज के तीसरे टेस्ट मैच 4 दिन तक जीत की रेस में रहने वाली टीम इंडिया को निर्णायक आखिरी दिन के आखिरी सत्र में शिकस्त झेलना पड़ी। वैसे तो इस अहम मुकाबले के पांचवे दिन के पहले ही घंटे में मेजबान टीम के गेंदबाजों ने बाजी पलट कर रख दी। टीम इंडिया को जब चौथी पारी में जीत के लिए मात्र 193 रनों के लक्ष्य मिला तो ऐसा माना जा रहा था कि टीम इंडिया आसानी से यह मैच जीत लेगी। वजह साफ थी कि जब इंग्लैंड की दूसरी पारी में टीम इंडिया के फिरकी सुंदर ने अंग्रेजों को छकाया तो ऐसा लगा कि पिच पर फिरकी का ही बोलबाला रहेगा। चूंकि इंग्लैंड टीम की गेंदबाजी में फिरकी की वो धार नही थी जिससे वह टीम इंडिया के बल्लेबाजों को अपने बस में कर सके तो फिर ऐसा लगने लगा कि टीम इंडिया की सीरीज में 2-1 की बढ़त तय है। अगर इंग्लैंड टीम की बात करें तो उसके कप्तान बेन स्ट्रोक्स ने दिन की शुरुआत में ही इस बात का एहसास करवा दिया कि मैच के आखिरी दिन उनके इरादे क्या हैं। जिस विकेट पर भारतीय टीम के फिरकी ने उनके बल्लेबाजों को बैकफुट पर धकेला उसी पिच पर उनके तेज सिर्फ एक घंटे के खेल में भारतीय बल्लेबाजों को अपनी गिरफ्त में जकड़ लिया। ऐसा लगने लगा था कि मैच लंच के पहले ही खत्म हो जायेगा, लेकिन जडेजा की जुझारू पारी और फिर बुमराह और सिराज का पूरे एक सत्र तक पिच पर टिका रहना मैच को आखिरी क्षणों के रोमांचक पलों तक ले गया। इन तीनों खिलाड़ियों का संघर्ष भले ही सालों साल याद रखा जायेगा, लेकिन सच यह है कि इस टीम इंडिया के जबड़े से सीरीज में दूसरी बार अंग्रेज टीम जीत को छीनकर हार का स्वाद चखा गई है। पहले टेस्ट में जहां गेंदबाजों की नाकामी व फील्डरों की कमजोरी हार की वजह बनी वहीं लॉड्र्स के मैदान पर बल्लेबाजों ने मुँह की खायी। पांचवे दिन के निर्णायक खेल में ऐसा लगा कि पूरे दिन जडेजा पिच पर डटे रहे और अंग्रेज उनके जबड़े से जीत खींच कर ले गये। खैर मैच का रिजल्ट जो भी रहा हो मगर इंग्लैंड के बैजबॉल युग में लॉड्र्स के मैदान पर यह वाकई टेस्ट क्रिकेट की जीत है।

## मनोरंजन
### बॉलीवुड का कोना



### 25 साल की मॉडल ने किया सुसाइड, नींद की गोलियां खाकर दी जान, डिप्रेशन से जूझ रही थीं

एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री से एक दुखद खबर सामने आई है। 25 साल की मॉडल और मिस पुडुचेरी सैन रेचल अब हमारे बीच नहीं रहीं। उन्होंने सुसाइड कर लिया है। सैन ने रविवार को छ्ढ्ढक्क्श्चक्रअस्पताल में आखिरी सांस ली। उनके निधन की खबर सुनकर इंडस्ट्री में गम का माहौल है। फैंस ने सैन के निधन पर शोक जताते हुए उनकी आत्मा को शांति मिलने की दुआ की है। सैन ने 2021 में मिस पुडुचेरी का खिताब जीता था। सैन का रियल नेम शंकर प्रिया था। उन्होंने अपनी मां को बचपन में ही खो दिया था। मां के गुजरने के बाद पिता ने सैन की देखभाल की थी। पिता ने उन्हें मॉडलिंग करने के लिए मोटिवेट किया था। इंडस्ट्री में %गोरेपन% के चलन के खिलाफ बेटी का साथ दिया था। सैन को मॉडलिंग करियर में अपनी डार्क स्किन की वजह से कई मुश्किलों का सामना करना पड़ा था। सभी चुनौतियों को पार कर सैन ने 2019 में मिस डार्क क्वीन तमिलनाडु और 2021 में मिस पुडुचेरी का खिताब जीता था। सैन रेचल ने लंदन, जर्मनी, फ्रांस समेत कई देशों में मॉडलिंग प्रतियोगिताओं में हिस्सा लिया था। उन्होंने महिलाओं की सुरक्षा के लिए जागरूकता भी फैलाई थी। हाल ही में उनकी शादी हुई थी। जानकारी के मुताबिक, वो डिप्रेशन से जूझ रही थीं। रिपोर्ट्स के अनुसार, 5 जुलाई को उन्होंने नींद की गोलियों का ज्यादा सेवन कर लिया था, जिसके बाद उनके पिता उन्हें पुडुचेरी सरकारी अस्पताल ले गए।

# सैफ के बाद करीना पर भी हुआ था हमला, रोनित रॉय ने किया खुलासा, घर में नहीं थी सिक्योरिटी

बॉलीवुड एक्टर सैफ अली खान पर हुए हमले के बाद करीना कपूर भी हादसे का शिकार हो गई थीं। इस बारे में खुद एक्टर रोनित रॉय ने बात की है। जिन्हें हमले के बाद उनकी सिक्योरिटी का जिम्मा दिया गया था। रोनित ने बताया कि कैसे करीना बहुत डरी हुई थीं। उनके घर और आसपास मीडिया का जमावड़ा था। जब रोनित ने उनके घर का दौरा किया तो वहां बेसिक सिक्योरिटी तक नहीं थी। एक्टर ने उनके घर में कई बदलाव करवाए और एक सुरक्षित माहौल बनाया। रोनित ने बताया कि करीना भी एक छोटे-से हादसे का शिकार हो गई थीं, जिसके बाद एक्टर को ही सैफ को अस्पताल से घर लाने का जिम्मा सौंपा गया था।

हिंदी रश से बातचीत में रोनित बोले- सैफ अस्पताल में था, तो मैं उनके घर गया और रेकी की। कुछ सुझाव दिए, जो बड़े नॉर्मल से थे, और हर घर में होने चाहिए लेकिन वहां नहीं थे। वो क्यों नहीं थे उसकी कोई वजह नहीं थी, लेकिन वो होने चाहिए थे। तो मैंने वो बेसिक बदलाव डाले। मैं उन्हें मिसिंग नहीं कहूंगा, बस ख्याल नहीं रखा गया था। क्योंकि आप एक्सपेक्ट नहीं करते हो। सैफ घर आ रहा था, वहां इतनी मीडिया थी। सब जगह हल्ला मचा हुआ था।

तो बेबो (करीना) जब हॉस्पिटल से घर गईं, तो उनकी गाड़ी पर भी अटैक टाइप का कुछ हो गया था। वो भी डर गई थीं। ये सब तब हुआ था जब सैफ पर हमला हो चुका था। मीडिया इतनी थी कि लोग भी घुस गए थे। वो गाड़ी में हिल गई थी। इसलिए उन्होंने मुझसे कहा कि सैफ को घर ले आओ। तो मैं उन्हें लाने गया था। तब तक तो पहले से ही हम सारी तैयारी कर चुके थे। पुलिस फोर्स का भी खूब सपोर्ट मिला था।



#### जब सैफ पर हुआ था हमला

मालूम हो कि 16 जनवरी की देर रात सैफ-करीना के घर में अज्ञात शख्स ने घुसकर एक्टर पर धारदार चाकू से हमला कर दिया था। इस हादसे के दौरान सैफ खुद उस हमलावर से अकेले लड़े और बेटे तैमूर के साथ लहूलुहान हालत में लीलावती अस्पताल पहुंचे। हादसे के बाद पूरी सिक्योरिटी का जिम्मा सिक्योरिटी कंपनी के मालिक रोनित रॉय को सौंपा गया था। बता दें, इस हाई-प्रोफाइल केस में जांच अब भी जारी है।



## मेट्रो बाजार

# टाटा-टेक का मुनाफा 5% बढ़कर 170 करोड़, पहली तिमाही में रेवेन्यू

**मुंबई।** टाटा टेक्नोलॉजी की पहली तिमाही में कुल कमाई यानी टोटल इनकम 1,308 करोड़ रुपए रही। ये पिछले साल की तुलना में 1.23फीसदी ज्यादा है। कंपनी की इस कमाई में ऑपरेशन से रेवेन्यू 1,244 करोड़ रुपए रहा। वहीं अप्रैल से जून तिमाही में कंपनी का टोटल खर्च 1,080 करोड़ रुपए रहा और उसने टोटल 62 करोड़ रुपए का टैक्स चुकाया। टोटल इनकम में से खर्च और टैक्स घटा दें, तो कंपनी को पहली तिमाही में 170 करोड़ रुपए का नेट प्रॉफिट हुआ। ये पिछले साल की तुलना में 5फीसदी ज्यादा है। टाटा टेक ने सोमवार (14 जुलाई) को अप्रैल-जून तिमाही के नतीजे जारी किए हैं।

कंपनियों के रिजल्ट दो भागों में आते हैं- स्टैंड अलोन और कॉन्सोलिडेटेड। स्टैंडअलोन में केवल एक यूनिट का वित्तीय प्रदर्शन दिखाया जाता है। जबकि, कॉन्सोलिडेटेड या समेकित फाइनेंशियल रिपोर्ट में पूरी कंपनी की रिपोर्ट दी जाती है।

**बीते एक साल में शेयर का परफॉर्मेंस कैसा रहा?-** रिजल्ट से पहले टाटा टेक का शेयर आज 0.72फीसदी की तेजी के साथ 713.90 रुपए पर बंद हुआ। कंपनी के शेयर ने पिछले 5 दिन में 1फीसदी रिटर्न दिया है। वहीं 1 महीने में शेयर 5फीसदी और 6 महीने में 11फीसदी गिरा है। एक साल में कंपनी का शेयर 30फीसदी गिरा है। केवल इस साल यानी 1 जनवरी से अब तक की बात करें तो कंपनी का शेयर 20फीसदी गिरा है। कंपनी की मार्केट वैल्यू 29.07 हजार करोड़ रुपए है।

# स्वस्तिका इन्वेस्टमार्ट का रिकॉर्ड प्रदर्शन बीएसई सेंसक्स पर पूरे किए 30 साल

**नई दिल्ली।** स्वस्तिका इन्वेस्टमार्ट लिमिटेड, ने बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज पर लिस्टेड होने के 30 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में बीएसई पर घंटी बजाकर जश्न मनाया। इस अवसर पर सुनील न्याती ,चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक ने बीएसई लिमिटेड के एमडी एवं सीईओ सुंदररमन राममूर्ति तथा स्वस्तिका इन्वेस्टमार्ट के सीईओ पार्थ न्याती के साथ मिलकर इस खास पल को चिह्नित किया। यह महत्वपूर्ण मील का पत्थर 1995 में शुरुआत के साथ शुरू हुई एक उत्कृष्ट यात्रा का प्रतीक है, और कंपनी की विश्वास, पारदर्शिता, और निवेशकों के आत्मविश्वास के प्रति तीन दशकों की अटूट प्रतिबद्धता को उजागर करता है। 1992 में इंदौर में एक छोटे क्षेत्रीय स्टॉक ब्रोकिंग फर्म के रूप में अपनी प्रारंभिक यात्रा शुरू करने वाली स्वस्तिका इन्वेस्टमार्ट अब एक विविधीकृत वित्तीय सेवा कंपनी के रूप में राष्ट्रीय स्तर पर सुविख्यात हो चुकी है। यह कंपनी पूंजी बाजार, वेल्थ मैनेजमेंट, निवेश बैंकिंग, बीमा, और पोर्टफोलियो सलाह जैसी सेवाओं की व्यापक श्रृंखला प्रदान करती है। पिछले 30 वर्षों में, कंपनी का मार्केट कैप लगभग 65 गुना बढ़ा है।




वर्ष 2025 में, कंपनी ने अपनी स्थापना के बाद से अब तक की उच्चतम आय और लाभ हासिल किया है। एकीकृत राजस्व में वर्ष-दर-वर्ष 23त्न की वृद्धि हुई, जो अब 140.58 करोड़ तक पहुंच गया, जबकि कर पश्चात लाभ में 62 फीसदी की वृद्धि दर्ज की जो 19.89 करोड़ हुआ।

# टक्कर मारने के बाद डंपर चालक ने कार चालक से की बदसलूकी

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

चूनाभट्टी इलाके में सोमवार दोपहर रिवर्स हो रहे एक डंपर ने स्कॉर्पियो को टक्कर मार दी। स्कार्पियो चालक ने जब ठीक से वाहन चलाने की समझाइश दी तो डंपर चालक और क्लीनर गाली-गलौज करते हुए उन्हें धमकी दी। इसी इलाके में एक कार ने पैदल जा रही महिला को टक्कर मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। जानकारी के अनुसार वीरेंद्र द्विवेदी (51) मूलतः सतना के रहने वाले हैं। फिलहाल वह 74 बंगला में रहते हैं। सोमवार दोपहर करीब पौने दो बजे वह संस्कार वैली

## पैदल जा रही महिला को कार ने टक्कर मारकर किया घायल

स्कूल से बच्चों को लेकर वापस लौट रहे थे। चूनाभट्टी रोड स्थित एक्सीलेंस कालेज के पास हनुमान मंदिर के सामने पहुंचे तो एक लोडेड डंपर कलियासोत तिराहे की तरफ जाते हुए दिखा। वह अपनी स्कार्पियो लेकर डंपर के नजदीक पहुंचे तो चालक ने डंपर को रिवर्स करते हुए उनकी



स्कार्पियो में टक्कर मार दी, जिससे कार में काफी नुकसान हो गया।

वीरेंद्र ने डंपर चालक को ठीक से वाहन चलाने की समझाईश दी तो उसके साथी ने उनके साथ गाली-गलौज करते हुए बदसलूकी करते हुए जान से मारने की धमकी देने लगा। पुलिस ने डंपर चालक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

### टक्कर से महिला का पैर फ्रैक्चर

चूनाभट्टी इलाके में एक कार की टक्कर से पैदल जा रही महिला का पैर फ्रैक्चर हो गया। जानकारी के अनुसार दिलीप वाल्मीकि (26) दुर्गा नगर कोलार कालोनी में रहते हैं और हाउस कीपिंग का काम करते हैं। दिलीप ने पुलिस को बताया कि बीती बारह जुलाई की शाम करीब साढ़े छह बजे उनकी पत्नी लता बाल्मीकि बंगले पर काम करने के बाद पैदल घर लौट रही थी।

चूनाभट्टी रोड स्थित डागा शोरूम के पास एक कार चालक ने कार को रिवर्स करते हुए लता को टक्कर मार दी, जिससे उसका पैर फ्रैक्चर हो गया। गंभीर रूप से घायल महिला को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सोमवार को दिलीप ने थाने जाकर कार चालक के खिलाफ एक्सीडेंट का केस दर्ज करवाया।

## बुजुर्ग की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

भोपाल। चूनाभट्टी थाना क्षेत्र स्थित गोविंदनारायण टाउन में 84 साल के बुजुर्ग की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। वे यहां केयर टेकर के साथ रहते थे, जबकि परिवार ब्रिटिश में है। ब्रिटिश से उनके बच्चों ने पुलिस से संपर्क किया और पीएम कराने की मांग की?थी। पुलिस ने बुजुर्ग का शव पीएम के लिए मर्चूरी भेज दिया। बुजुर्ग की रिश्तेदारों की मौजूदगी में आज पीएम कराने के बाद शव उन्हें सौंप दिया गया है। ब्रिटिश से भोपाल पहुंचने में समय लगने के कारण रिश्तेदार ही उनका दाह संस्कार कराएंगे। पुलिस के अनुसार खुसरो कमाल (84) गोविंद नारायण टाउन चूनाभट्टी में रहते थे। उनका परिवार ब्रिटिश में रहता है। परिवार में दो बेटियां और बेटा है। यहां बंगले पर उनके साथ केवल नौकर राजेश रहता?था। राजेश ने पुलिस को बताया कि सोमवार सुबह वह मालिक खुसरो कमाल के कमरे में उन्हें उठाने के लिए पहुंचा था। इस दौरान वह बेड पर बेसुध अवस्था में मिले।

### जीआरपी भोपाल ने दर्ज की सभी एफआईआर, गिरोह की तलाश में जुटी पुलिस

# राजधानी से गुजरने वाली ट्रेनों में चोरी झपटमारी, यात्रियों के पर्स, बैग चोरी

**दोहपर मेट्रो, भोपाल।**

**राजधानी से गुजरने वाली ट्रेनों में चोरी की वारदातें थमने का नाम नहीं ले रही है। लगातार बढ़ती चोरियों से कयास लगाए जा रहे है कि ट्रेनों में चोरी करने वाला गिरोह सक्रिय है। चोरी की बात तो दूर यात्रियों के हाथ मोबाइल झपटने की भी घटनाएं हो रही है। जीआरपी ने सभी प्रकरण दर्ज कर लिए है। जीआरपी टीम का गठन का आरोपियों की तलाश में जुटी है।**

### हाथ से मोबाइल झपटकर भागा बदमाश

जीआरपी के अनुसार जीवन सोलंकी (29) रविदास मार्ग वार्ड नंबर-14 बदनावर, जिला धार में रहते हैं। उन्होंने जीआरपी को शिकायत करते हुए बताया कि गत 12 जुलाई को वह तिरूकुलम एक्स के आगे वाले जनरल कोच में चेन्नई एग्मोर से भोपाल की यात्रा कर रहे थे। यात्रा के दौरान वे गेट पर बैठकर मोबाइल चला रहे थे। भोपाल स्टेशन आने से पहले ट्रेन धीमी गति से चल रही थी। इसी बीच एक अज्ञात युवक ने हाथ पर झपट्टा मारकर उनका मोबाइल झपट लिया। जीवन सोलंकी भी ट्रेन से उतर गए और बदमाश की तलाश की, लेकिन वह नहीं मिला। झपटे गए मोबाइल की कीमत 36 हजार रुपए बताई जा रही है।



### स्पेशल ट्रेन से महिला का पर्स चोरी

बिलासपुर निवासी राकेश कुमार ने जीआरपी को शिकायत करते हुए बताया कि वे स्पेशल एक्स के कोच में एस-14 बर्थ पर परिवार के साथ सफर कर रहे थे। उन्हें दिल्ली से नागपुर जाना था। सफर के दौरान वे अपने बर्थ पर सो गए। रात करीब दो बजे नींद खुली तो उनकी पत्नी के बर्थ पर सिर के पास रखा लेडिज पर्स चोरी हो चुका था। पर्स में सेमसंग कंपनी का मोबाइल 8 हजार रुपए की नगदी, 2 हजार रुपए का चश्मा रु एक चश्मा, घड़ी रखी थी। पर्स में नगदी सहित कुल दस हजार रुपए का सामान था, जो कोई अज्ञात चोर चुराकर ले गया। जीआरपी ने चोरी का प्रकरण दर्ज कर लिया है।

### बुजुर्ग यात्री की जेब से पर्स चोरी

अमित कुमार दुबे (60) नेहरू नगर, पचमढ़ी में रहते हैं। उन्होंने पुलिस को शिकायत करते हुए बताया कि वे भोपाल से पिपरिया की यात्रा कर रहे थे। वे भोपाल रेलवे स्टेशन पर अमरकंटक एक्सप्रेस में पीछे की तरफ जनरल कोच में चढ़ रहे थे। इसी बीच किसी ने उनकी जेब से पर्स चुरा लिया। पर्स में 9 हजार रुपए की नगदी। आधारकार्ड, पेनकार्ड, यात्रा टिकट सहित अन्य सामान रखा हुआ था। उन्होंने ट्रेन में यात्रियों से पूछताछ की, लेकिन पर्स का कुछ पता नहीं चला। इसके बाद जीआरपी थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई।

### यशवंतपुर एक्सप्रेस से यात्री का पर्स चोरी

जीआरपी के अनुसार बृजमोहन सोनी (68) लसूड़िया, इन्दौर में रहते हैं। उन्होंने जीआरपी को शिकायत करते हुए बताया कि वे पत्नी उमा सोनी के साथ यशवंतपुर एक्सप्रेस से काचीगोडा हैदराबाद से इंदौर की यात्रा ए-वन कोच में सीट नंबर 7 व 9 पर कर रहे थे। ट्रेन भोपाल रेलवे स्टेशन पर रात करीब सवा एक बजे के आसपास पहुंची। वे अपना साइड पर्स बर्थ पर रखकर बाथरूम चले गए। वहां से लौटे तो बर्थ पर रखा पर्स चोरी हो चुका था। पर्स में 15 हजार रुपए की नगदी। एक चांदी का हाथी करीब 3 हजार रुपए और चश्मा सहित आईकार्ड और चाबियां थी, जो चोर पर्स के साथ चुराकर ले गया। उन्होंने आस पास यात्रियो से पूछताछ की, लेकिन किसी ने भी पर्स के बारे में जानकारी नहीं दी। इसके बाद उन्होंने जीआरपी थाने में शिकायत दर्ज कराई।

### निशातपुरा थाना क्षेत्र की घटना

# आर्थिक तंगी से परेशान होकर इलेक्ट्रिशियन ने लगाई फांसी

**दोहपर मेट्रो, भोपाल।**

निशातपुरा थाना क्षेत्र स्थित देवकी नगर में रविवार दोपहर एक इलेक्ट्रिशियन ने घर में फांसी लगा ली। नजर पड़ते ही परिजन उन्हें फंदे से उतारकर निजी अस्पताल लेकर पहुंचे थे। वहां डॉक्टर ने चेक करने पर उन्हें मृत घोषित कर दिया। अस्पताल की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। इस दौरान एक सुसाइड नोट मिला। सुसाइड नोट में उन्होंने लिखा कि मैं अपनी पत्नी और बच्चों को भरण पोषण नहीं कर सक रहा हूं। मेरी मौत का जिम्मेदार मैं स्वयं हूं। पत्नी और परिवार को परेशान न किया जाए। पुलिस के अनुसार विवेक जैन पिता स्वर्गीय जैन (40) देवकी नगर, करोंद में रहते थे। वे प्राइवेट इलेक्ट्रिशियन का काम करते थे। उनका पत्नी से विवाद चल रहा है और उनकी पत्नी उनसे अलग रह रही है। रविवार दोपहर विवेक ने अपने कमरे में फांसी लगा ली। परिजन उन्हें भानपुर स्थित निजी अस्पताल ले गए, लेकिन उनकी मौत हो चुकी थी।



### आर्थिक तंगी से थे परेशान

पुलिस को मिले सुसाइड नोट से अनुमान लगाया जा रहा है कि वे आर्थिक तंगी से परेशान थे। पत्नी और बच्चों की परवरिश नहीं करने के कारण पत्नी उन्हें छोड़कर जा चुकी थी। यह भी बताया जा रहा है कि पत्नी ससुराल लौटने से इंकार कर रही थी। चार दिन पहले उन्होंने तलाक के लिए पेपर भी कोर्ट में लगाए थे।

## लग्जरी कार में देशी शराब की तस्करी, 17 पेटी जब्त

भोपाल। नजीराबाद पुलिस ने गुर्जरतोड़ी जोड़ पर फोर्ड इंडिवर कार से 17 पेटी देशी शराब जब्त की है। कार लावारिश अवस्था में खड़ी थी। पुलिस ने कार जब्त कर ली है। पुलिस कार के नंबर के आधार पर तस्करों की तलाश कर रही है। एएसआई सागर सिंह भिलाला ने बताया कि वे एएसआई उमेश यादव के साथ इलाके में गश्त कर रहे थे। इस दौरान सूचना मिली कि गुर्जरतोड़ी जोड़ पर एक फोर्ड इंडिवर कार खड़ी है, जिसमें बड़ी मात्रा में देशी शराब रखी हुई है। एएसआई भिलाला और एएसआई उमेश यादव तत्काल मौके पर पहुंचे। इस दौरान गुर्जरतोड़ी जोड़ पर एक फोर्ड इंडिवर कार खड़ी देखी। पुलिस ने कार चेक की तो उसमें कुल 17 पेटी देशी शराब मिली। इसमें 7 पेटी मशाला थी, जबकि 10 पेटी मदिया प्लेन थी। पुलिस को कार में तस्कर और ड्राइवर नहीं मिला है। पुलिस का कहना है कि कार के नंबर के आधार पर आरोपी तस्करों की तलाश की जा रही है।

# बेटी की मौत से दुखी पिता ने ट्रेन से कटकर दी जान, लाश बरामद

**दोहपर मेट्रो, भोपाल।**

खजूरी सड़क थाना क्षेत्र स्थित फंदा फाटक के पास से सोमवार सुबह रेलवे टैःक से पुलिस ने एक व्यक्ति की लाश बरामद की। मृतक की शिनाख्त बैरागढ़ में रहने वाले सख्श के रूप में कर ली गई है। परिजन का कहना है कि रविवार दोपहर एक बजे से वह लापता थे। प्रारंभिक जांच में मामला आत्महत्या से जुड़ा नजर आ रहा है।

पुलिस के अनुसार फंदा रेलवे फाटक से सोमवार सुबह साढ़े 9 बजे एक व्यक्ति की लाश बरामद की गई थी। पुलिस ने लाश बरामद कर पीएम के लिए मर्चूरी भेज दी। उनके पास ऐसा कोई भी दस्तावेज नहीं मिला था, जिससे की उनकी शिनाख्त की जा सके। पुलिस ने मृतक का हुलिया आसपास के थानों में भेजा। इस बीच शाम को परिजन उनकी तलाश करते हुए खजूरी सड़क थाने तक पहुंच गए। पुलिस ने मृतक की फोटो दिखाई तो परिजन ने उनकी पहचान प्रकाश मलानी (55) निवासी सीआरपी बैरागढ़ के रूप में कर ली। परिजन ने पुलिस को बताया कि प्रकाश मलानी रविवार दोपहर एक बजे घर से सीहोर जाने के लिए निकले थे। इसके बाद से ही उनका कुछ पता नहीं था।

### बेटी की मौत से थे दुखी

परिजन ने बताया कि प्रकाश मलानी की दो बेटियां थी। एक बेटी की करीब दो साल पहले मौत हो गई थी। बेटी की मौत के बाद से वह दुखी रहने लगे थे। वे बेरोजगार थे। उनके भाई बैरागढ़ में कपड़े की दुकान का संचालन करते हैं। वे ही प्रकाश की मदद करते थे।

## जिला बदर का उल्लंघन करते बदमाश से चाकू बरामद

भोपाल। शाहजहांनाबाद पुलिस ने जिलाबदर का उल्लंघन करने वाले बदमाश को गिरफ्तार करउसके पास से चाकू बरामद किया है। पुलिस आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट और मध्य प्रदेश राज्य सुरक्षा अधिनियम की धाराओं में प्रकरण दर्ज कर कोर्ट में पेश कर दिया। वहां से आरोपी को जेल भेज दिया गया है। पुलिस के अनुसार मुखबिर से सूचना मिली कि बदमाश फारुख अली, मल्टी वाजपेयी नगर में अपनी मल्टी के सामने धारधार चाकू लहराता हुआ घूम रहा है। सूचना के बाद हरकत में आई पुलिस ने इलाके की घेराबंदी करते हुए आरोपी को दबोच लिया। पूछताछ में उसने अपना नाम फारुख अली पिता माजिद अली (34) मल्टी वाजपेयी नगर बताया। आरोपी से चाकू बरामद किया। आरोपी का रिकार्ड देखने पर पता चला कि उसके खिलाफ जिलाबदर की कार्रवाई की गई थी। उसे 9 जून से 6 महीने की अवधि के लिए जिले और आसपास के जिलों में विदिशा, सीहोर, राजगढ़, नर्मदापुरम, रायसेन की राजस्व सीमाओं दूर रहने की हिदायत दी गई थी। बावजूद इसके आरोपी अपने घर पर मौजूद था।

# लग्जरी कार में देशी शराब की तस्करी, 17 पेटी शराब जब्त



**दोहपर मेट्रो, भोपाल।**

नजीराबाद पुलिस ने गुर्जरतोड़ी जोड़ पर फोर्ड इंडिवर कार से 17 पेटी देशी शराब जब्त की है। कार लावारिश अवस्था में खड़ी थी। पुलिस ने कार जब्त कर ली है।

पुलिस कार के नंबर के आधार पर तस्करों की तलाश कर रही है। एएसआई सागर सिंह भिलाला ने बताया कि वे एएसआई उमेश यादव के साथ इलाके में गश्त कर रहे थे। इस दौरान सूचना मिली कि गुर्जरतोड़ी जोड़ पर एक फोर्ड इंडिवर कार खड़ी है, जिसमें बड़ी मात्रा में देशी शराब रखी हुई है। एएसआई भिलाला और एएसआई उमेश यादव तत्काल मौके पर पहुंचे। इस दौरान गुर्जरतोड़ी जोड़ पर एक फोर्ड इंडिवर कार खड़ी देखी।

पुलिस ने कार चेक की तो उसमें कुल 17 पेटी देशी शराब मिली। इसमें 7 पेटी मशाला थी, जबकि 10 पेटी मदिया प्लेन थी। पुलिस को कार में तस्कर और ड्राइवर नहीं मिला है। पुलिस का कहना है कि कार के नंबर के आधार पर आरोपी तस्करों की तलाश की जा रही है।

**भोपाल।** इन दिनों तेज बारिश की वजह से सड़कों पर ट्रैफिक सिंग्नल भी मुश्किल बने हुए हैं। यह कभी अचानक बंद हो जाते हैं इससे ट्रैफिक अस्तव्यस्त हो जाता है।

पश्चिम मध्य रेल
ई-निविदा सूचना
खुली निविदा क्रमांक: WCR-CRWS-SEAT-BERTH-25-14
भारत के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से निम्नलिखित कार्य हेतु ई-निविदा अनुभवी ठेकेदारों से आमंत्रित की जाती है। कार्य का नामः स्ट्रीपिंग, ट्रांसपोर्टेशन, रिपेयर एंड फिटमेंट ऑफ डिफरेंट टाईप ऑफ सीट/बर्थ्स/चेयर्स एंड पीवीसी ऑफ रेल्वे बीजी कोचेस एट सीआरडब्ल्यूएस, भोपाल। कार्य की लागतः ₹ 2,37,36,520.89. निविदा फार्म का मूल्यः 0.00. धरोहर राशिः ₹ 2,68,700/-. कार्य पूर्ण करने की अवधिः 24 माह। ऑनलाइन बिडिंग प्रारम्भ होने का दिनांक/ऑनलाइन निविदा बंद होने का दिनांक एवं समयः 21.07.2025/04.08.2025 को 15.00 बजे तक। निविदा खुलने का दिनांक एवं समयः 04.08.2025, 15.30 बजे। निविदा तथा निविदा प्रारुप की विस्तृत जानकारी भारत सरकार की वेबसाइट www.ireps.gov.in एवं निविदा सूचना मुख्य कारखाना प्रबन्धक, सडिपुका/भोपाल कार्यालय के सूचना पटल पर उपलब्ध है।
मुख्य कारखाना प्रबंधक, सडिपुका, निशातपुरा, भोपाल.
स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर

कार्यालय थाना प्रभारी थाना निशातपुरा जिला भोपाल
क्रमांक / गुम इं. क्र127/ दि० 11/07/2025
जाहिर सूचना
सर्व साधारण को सूचित किया जाता हैं कि थाना निशातपुरा भोपाल के गुम इंसान. क्रमांक 127/25 की गुमशुदा सुबुही खान पिता सादिक खान उम्र 18 साल 04 माह साल निवासी बस स्टैण्ड के पास खारी वावडी मोहल्ला कुरवाई जिला विदिशा हाल -अब्दुल रहमान का मकान खतीजा मस्जिद के पास जनता नगर करोद थाना निशातपुरा भोपालका हुलिया रंग गोरा चेहरा गोल उचाई 05 फिट 04 इंच इकहरा बदन काले रंग का ट्राऊजर व लाल रंग का कुर्ता पहने है जो दिनाँक 10/07/23 घर से बिना बताये कही चली गई। उपरोक्तानुसार हैं। के बारे में कोई जानकारी हो तो थाना निशातपुरा भोपाल में सम्पर्क करें अथवा थाना को मोबाईल नम्बर 7587601924 या 7049104193 पर तत्काल सम्पर्क करें।

थाना प्रभारी
थाना निशातपुरा भोपाल
G-15558/25

मेट्रो एंकर

### कोलार इलाके में घटी वारदात

# मंदिर जा रहे बुजुर्ग को कार चालक ने मारी टक्कर

**दोहपर मेट्रो, भोपाल**

कोलार इलाके में सोमवार सुबह मंदिर जाने के लिए निकले एक बुजुर्ग व्यक्ति को तेज रफ्तार कार चालक ने टक्कर मारकर घायल कर दिया। गंभीर रूप से घायल बुजुर्ग को इलाज के लिए निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने कार चालक के खिलाफ केस दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार महेशचंद्र श्रीवास्तव (75) रिटायर्ड कर्मचारी हैं और गिरधर परिसर, दानिशकुंज चौराहा कोलार रोड पर रहते हैं। सोमवार सुबह करीब सवा आठ बजे वह अपनी पत्नी के साथ मंदिर जाने के लिए घर से निकले थे। घर से कुछ दूर जाते ही पीछे से आ रही एक तेज रफ्तार कार ने उन्हें टक्कर मार दी, जिससे वह उछलकर सड़क किनारे जाकर गिरे।

टक्कर लगने से उन्हें कमर और शरीर में गंभीर चोट आई। मौके पर पहुंचे परिजनों ने उन्हें इलाज के लिए निजी अस्पताल पहुंचाया, जहां उनका इलाज चल रहा है।



अस्पताल से मिली सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने श्रीवास्तव की रिपोर्ट पर टक्कर मारने वाले कार चालक के खिलाफ एक्सीडेंट का केस दर्ज कर लिया है।

## बाइक सवार दंपति को ट्रक ने मारी टक्कर, घायल

भोपाल। सूखी सेवनिया इलाके में सोमवार रात एक तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक सवार दंपति को टक्कर मार दी, जिससे दोनों बाइक समेत सड़क पर गिरकर घायल हो गए। दंपति को इलाज के लिए निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। पुलिस ने टक्कर मारने वाले ट्रक चालक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। जानकारी के अनुसार माखनलाल धाकड़ (52) सलामतपुर जिला रायसेन के रहने वाले हैं और खेती किसानी करते हैं। माखनलाल ने पुलिस को बताया कि उनका छोटा भाई महाराज सिंह धाकड़ अपनी पत्नी भूरीबाई के साथ बाइक से भोपाल से घर लौट रहे थे। रात करीब आठ बजे वह सूखी सेवनिया थानांतर्गत सुरभी कालेज, डोब बरखेड़ी चौराहे के पास पहुंचे, तभी विदिशा की तरफ से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी, जिससे दोनों सड़क पर गिरकर घायल हो गए। हादसे की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची माखनलाल ने छोटे भाई और बहू को इलाज के लिए निजी अस्पातल पहुंचाया और खुद थाने जाकर एक्सीडेंट की रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस टक्कर मारने वाले ट्रक और चालक की तलाश कर रही है।

स्वामी,मुद्रक,प्रकाशक **राजेश सिरोठिया** द्वारा पी जी इंफ्रास्ट्रक्चर एंड सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड,करोंद-भानपुर बाइपास विलेज रासलाखेड़ी भोपाल से मुद्रित तथा ए-182 मनीषा मार्केट शाहपुरा भोपाल से प्रकाशित। **प्रधान संपादक राजेश सिरोठिया संपादक आशीष दुबे*** आर एन आई पंजीयन क्रमांक एमपी एचआईएन/2016/68849 ( *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार) **फोन :** 0755-4917524, 2972022